# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




कई ग्रामों में फंड जारी नहीं होने से अटके जल जीवन मिशन के कार्य

## पांच सालों में नहीं हुआ गला तर, फंड ने रोका टंकी का काम, कई गांवों में जलसंकट

हरिभूमि लगातार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीषण गर्मी के दिनों में भी जिले के कई ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना के कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। इन कार्यों के अधूरे पड़े होने के कारण उन ग्रामों में पानी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। ऐसा ही एक ग्राम आरंग विकासखंड अंतर्गत आने वाला छपोरा है, जहां 6 वर्ष पहले योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के साथ पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, लेकिन फंड जारी नहीं होने के कारण ठेकेदार आधा काम छोड़कर भाग गया, जिससे टंकी के ऊपर चढ़ने के लिए सीढ़ी तक बन नहीं पाई थी, लेकिन दोबारा काम शुरू होने के बाद सीढ़ी तो बनाई गई, लेकिन वर्टिकल कनेक्शन-फिनिंसिंग का कार्य पूरा नहीं हो पाया। यही स्थिति ▶▶| शेष पेज 6 पर



### सामान्य सभा में उठा मामला

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में ग्राम तुलसी नेवरा तिल्दा में स्वीकृत जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत जारी कार्य के अपूर्ण का मामला उठा था। इस मामले में पीएचई विभाग के अधिकारी ने जानकारी दी है कि ग्राम नेवरा में पाइप लाइन बिछाने, घरेलु नल कनेक्शन, पम्प हाउस निर्माण, पावर पम्प की स्थापना का कार्य हो चुका हैं, वहीं उच्च स्तरीय जलागार टंकी का निर्माण कार्य भी 80 प्रतिशत हो चुका है। टंकी में वर्टिकल कनेक्शन, फिनिशिंग एवं अन्य सिविल कार्य शेष है। ये कार्य ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 175 ग्रामों में कार्य अधूरे

*जिले में 477 ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत कार्य होने हैं, जिनमें से 175 ग्रामों में अभी तक कार्य अधूरे हैं। इन ग्रामों में ज्यादातर अधूरे कार्य के पीछे फंड जारी नहीं होना एवं ठेकेदारों के छोड़कर भाग जाना है। पीएचई विभाग ने इस मामले में खानापूर्ति कार्रवाई करते हुए सिर्फ 6 ठेकेदारों का अनुबंध निरस्त किया है, जबकि कई ठेकेदारों को कार्य से अधिक राशि का भुगतान हो चुका है।*

### मैं समीक्षा करता हूं...

*पीएचई विभाग के अधिकारी से बात करें, वे ही बता पाएंगे। मैं समीक्षा करता हूं, लेकिन इसकी जानकारी वे ही देंगे।*

*कुमार बिश्वरंजन,*
*सीईओ जिला पंचायत रायपुर*


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) = | ₹103903/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) = | ₹126900/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) = | ₹138523/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

aNaND® Jewels
Pandri, Raipur


## खबर संक्षेप

### बंगाल में थमा प्रचार, कल दूसरे चरण का मतदान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण के लिए प्रचार थम गया है। दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होना है। इस चुनाव में भाजपा और टीएमसी ने पूरी ताकत झोंक दी। पीएम मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह तक ने भाजपा के चुनाव प्रचार का मोर्चा संभाला और ताबड़तोड़ रैलियां कीं। वहीं टीएमसी की ओर से सीएम ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कई रैलियों को संबोधित किया। इस बीच राज्य से चुनावी हिंसा की घटनाएं भी लगातार आ रही है। पश्चिम बंगाल के हुगली में सोमवार को टीएमसी सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ। हमला उस वक्त हुआ, जब मिताली बाग गोगहाट से आरामबाग में अभिषेक बनर्जी के रोड शो में शामिल होने जा रही थीं। हमले में कार के शीशे टूट गए। सांसद और उनके ड्राइवर को चोट आई है। दोनों को आरामबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हमले के बाद कैमरे के सामने मिताली बाग फूट-फूटकर रो पड़ीं।

### दक्षिण सूडान में विमान हादसा, 14 की मौत

**जूबा।** दक्षिण सूडान में सोमवार को एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी 13 यात्री और पायलट की मौत हो गई। विमान में सवार कोई भी व्यक्ति जिंदा नहीं बचा है। इस वक्त की बड़ी खबर दक्षिण सूडान से सामने आ रही है। यहां दक्षिण सूडान की राजधानी के बाहरी इलाके में सोमवार को एक सेस्ना विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी 13 यात्री और पायलट की मौत हो गई। यह जानकारी देश के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने दी। प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि खराब मौसम के कारण कम दृश्यता होने से विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ होगा। अधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार लोगों में दो केन्याई नागरिक थे, जबकि बाकी सभी दक्षिण सूडानी थे। जुबा से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित दुर्घटनास्थल पर सूचना जुटाने और आपात कालीन सेवाओं की सहायता के लिए एक टीम भेजी गई है।

## भारतमाला घोटाले में पूर्व मंत्री चंद्राकर के भाई को ईडी ने घेरा, आधा दर्जन ठिकानों पर छापे

भारतमाला परियोजना में 500 करोड़ रुपए के जमीन मुआवजा घोटाले में ईडी ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। टीम ने भाजपा के कद्दावर नेता विधायक तथा पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के चचेरे भाई कुरुद निवासी भूपेंद्र चंद्राकर और उनसे जुड़े लोगों के आधा दर्जन ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापे मारे। इनमें राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रोशन चंद्राकर तथा अभनपुर निवासी जमीन कारोबारी गोपाल गांधी के ठिकाने भी शामिल हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


खास खबर

ईडी ने तड़के साढ़े पांच से छह बजे के बीच भूपेंद्र और बाकी के ठिकानों पर धावा बोला। उस दौरान भूपेंद्र के घर पर सभी सदस्य मौजूद थे। बताया जा रहा है, तीनों जगह ईडी ने सभी लोगों को सोते से जगाकर छापे की कार्रवाई की है। ईडी की 13 सदस्यी टीम कार्रवाई में शामिल रही। उल्लेखनीय है कि रोशन चंद्राकर के यहां ईडी पूर्व में कस्टम मिलिंग घोटाले में शामिल होने के आरोप में ▶▶| शेष पेज 6 पर

### कार्रवाई की जद में राइस मिल एसो. के पूर्व अध्यक्ष रोशन चंद्राकर भी, करोड़ों का सोना-चांदी, कैश और दस्तावेज बरामद

#### करीबियों को करोड़ों रुपए लाभ दिलाने का आरोप

बताया गया है कि भूपेंद्र चंद्राकर के करीबियों को दुर्ग, पाटन, देवादा और मगरलोड तहसीलों में मुआवजा घोटाले के तहत करोड़ों रुपए मिले हैं। करीबियों को लाभ दिलाने में भूपेंद्र चंद्राकर की प्रमुख भूमिका होने की जानकारी सूत्रों ने दी है। छापे की कार्रवाई के दौरान ईडी ने संबंधित ठिकानों से प्रापर्टी तथा अन्य लेन-देन से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं। भूपेंद्र के निवास से कई रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट में ओनरशिप,पेट्रोल पंप और दर्जनभर डुप्लेक्स दुकानें होने की जानकारी ईडी के हाथ लगने की जानकारी सूत्रों ने दी है।



#### यह है भारतमाला परियोजना घोटाला

पूरा मामला भारतमाला परियोजना के तहत अधिग्रहित की गई जमीनों के मुआवजे के वितरण से जुड़ा है। आरोप है कि जमीन के मुआवजे की राशि में बड़े पैमाने पर हेरफेर और वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं। ईओडब्लू पहले से ही इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच कर ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### 12 घंटे से ज्यादा समय तक चली कार्रवाई

*ईडी की टीम भूपेंद्र, गोपाल तथा रोशन के अलग-अलग ठिकानों पर 12 घंटे से ज्यादा समय तक मौजूद रही। कार्रवाई में गोपाल गांधी तथा रोशन चंद्राकर के ठिकानों से ईडी ने दस्तावेज के साथ अन्य इलेक्ट्रिक डिवाइस जब्त की है। जब्त दस्तावेजों के आधार पर ईडी की टीम घोटाले से जुड़े अन्य लोगों के यहां छापे की कार्रवाई कर सकती है।*

हरिभूमि-आईएनएच का कार्यक्रम

### बेमेतरा में 5 मई को जिला संवाद मंत्री-सांसद से होंगे सवाल-जवाब



डॉ. हिमांशु द्विवेदी | विजय बघेल | दयालदास बघेल | रविन्द्र चौबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि-आईएनएच विशेष कार्यक्रम "जिला संवाद" 5 मई को बेमेतरा के द किंग्स महल में आयोजित होने जा रहा है, कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के दो साल पूरे होने पर जिले में हुए विकास कार्यों के साथ ही समस्याओं और जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। आईएनएच – हरिभूमि के प्रधान संपादक डा हिमांशु द्विवेदी जिला संवाद कार्यक्रम में सत्तापक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों से जनता से जुड़े मुद्दों पर सीधे सवाल जवाब करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल के साथ ही सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे व जिले के समस्त जनप्रतिनिधि विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

जिला संवाद प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित किए जा रहे हैं जिसके तहत जनप्रतिनिधियों से प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद जिले ▶▶| शेष पेज 6 पर


भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

## भारत की 8,284 वस्तुओं को मिलेगी न्यूजीलैंड के बाजार में टैक्स फ्री एंट्री

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते के लागू होने के पहले दिन से ही भारत के सभी 8,284 वस्‍ तुओं के निर्यात को न्‍ यूजीलैंड के बाजार में टैक्‍ स फ्री एंट्री मिलेगी। समझौते पर हस्ताक्षर भारतीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूज़ीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले ने किया। इस दौरान गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी पढ़ा। समझौते में वित्तीय सेवाओं, पर्यटन, यात्रा संबंधी सेवाओं, डिजिटल सहयोग और ऑडियो-विजुअल और रचनात्मक उद्योगों समेत लगभग 139 सेवा उप-क्षेत्रों में मोस्ट-फेवर्ड नेशन भी रहेगा।

### भारत को मिलेगा बड़ा फायदा

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इस समझौते के लागू होने के पहले दिन से ही भारत के सभी 8,284 वस्‍ तुओं के निर्यात को न्‍ यूजीलैंड के बाजार में टैक्‍ स फ्री एंट्री मिलेगी। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, इस समझौते से पहले, न्यूजीलैंड भारतीय वस्तुओं पर औसतन 2.2 प्रतिशत का शुल्क लगाता था, जिसमें कपड़ा, सिरेमिक और ऑटोमोबाइल समेत लगभग 450 उत्पाद कैटेगरी पर 10 प्रतिशत तक का शुल्क लगता था।



### कई उत्पादों पर लागू होगा शून्य टैक्स

इसके अलावा, फाइबर, टेक्‍ सटाइल्‍ स, हथकरघा और फर्निशिंग चीजों पर भी शून्‍ य टैक्‍ स लागू होगा। चमड़ा और जूता क्षेत्र में शुल्क 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। वाणिज्य मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आगरा भारत के चमड़े के जूता उत्पादन में लगभग 75 प्रतिशत का योगदान देता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक यह एक्‍सपोर्ट 50 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। वाणिज्य मंत्रालय की फैक्टशीट के अनुसार, शून्य शुल्क पहुंच वाले अन्य भारतीय क्षेत्रों में हल्के इंजीनियरिंग सामान, खेल के सामान, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि शामिल हैं, जिनमें फल और सब्जियां, कॉफी, कोको, मसाले और अनाज शामिल हैं।

### न्यूजीलैंड को क्या फायदा होगा?

बिजनेस स्टैंडर्ड के अनुसार, न्यूजीलैंड की प्रमुख निर्यात कैटेगरी में ऊन, शराब, लकड़ी, कोयला और ताजे फल, विशेष रूप से एवोकाडो और ब्लूबेरी शामिल हैं, जिन्हें इससे लाभ मिलने की संभावना है। समझौते के तहत सहयोग का दायरा बागवानी, शहद, वानिकी, पशुधन, मत्स्य पालन और मधुमक्खी पालन तक विस्तारित है। इसके अलावा, किवी, सेब और शहद पर व्‍यापक पहुंच होगी।

#### तीन साल के लिए हर साल 1,667 वीजा

न्यूज़ीलैंड भारतीय पेशेवरों के लिए अस्थायी रोजगार वीजा की सुविधा शुरू करेगा, जिसके तहत शुरुआती तीन वर्षों के लिए प्रति वर्ष 1,667 वीजा जारी किए जाएंगे और न्यूज़ीलैंड में किसी भी समय ऐसे वीजा धारकों की संख्या 5,000 तक सीमित रहेगी। वाणिज्य मंत्रालय और बिजनेस स्टैंडर्ड के अनुसार, न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में भारत में 20 अरब डॉलर के डायरेक्‍ ट विदेशी निवेश को बढ़ावा देने की बात कही गई है।

## पत्नी पर अफेयर का शक, हत्याकर सीमेंट से भरे बक्से में दबा दी लाश



एजेंसी ▶▶| सूरत

गुजरात के सूरत जिले में एक शख्स ने कथित तौर पर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद शव को एक सुनसान घर में लकड़ी के संदूक में छिपा दिया। फिर पुलिस को गुमराह करने के लिए पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। कपल के घर से एक नोट भी मिला, जो खुद आरोपी ने लिखा था। इस नोट के जरिए ही पुलिस आरोपी तक पहुंची। रिपोर्ट के मुताबिक, कपल के बीच लंबे समय से अनबन चल रही थी। आरोप है कि पति को अपनी पत्नी पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का शक था। यह हत्या की एक वजह हो सकती है, जिसकी जांच चल रही है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि हत्या गुमशुदगी की शिकायत दर्ज होने से चार से पांच दिन पहले हुई होगी।

### बॉक्स में मिला शव

पुलिस ने सलाबतपुरा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में आरोपी से जुड़ी एक पुरानी और खाली प्रॉपर्टी का पता लगाया। जब पुलिस अधिकारियों ने ताला तोड़कर उस बंद घर को खोला, तो उन्हें कमरे के एक कोने में रखा हुआ लकड़ी का एक संदूक दिखा, जिससे बहुत तेज बदबू आ रही थी। बक्से के अंदर उन्हें लापता महिला की सड़ी-गली लाश मिली। शव को सूखे सीमेंट में छिपाकर रखा गया था।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी की पहचान विशाल साल्वी (40) के तौर पर हुई है। यह मामला तब सामने आया जब आरोपी ने पुलिस से संपर्क कर बताया कि उसकी पत्नी शिल्पा साल्वी (39) लापता हो गई है। उसने दावा किया कि पेशे से डाइटीशियन शिल्पा को आखिरी बार चार दिन पहले देखा गया था। पुलिस ने गुमशुदगी की जांच शुरू की।


गुणवत्ता की प्रतिबद्धता हेतु जेड ब्लैक अगरबत्ती ने कॉपी करने वाले उत्पादों के खिलाफ जनहित में जारी की

**वैधानिक चेतावनी**

माननीय जिला न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा CS (Comm.) No. 248 of 2026 के तहत श्री अप्पाजी परफ्यूमरी हाउस (अतुलित दत्ता) अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छत्तीसगढ़) एवं CS (Comm.) No. 247 of 2026 के तहत लवली फ्रेग्रेन्स, अंबिकापुर जिला सरगुजा (छत्तीसगढ़) एवं भागचंद भवनदास, रायपुर (छत्तीसगढ़) के GUTAN PANCHAM DEEP एवं PANCHAM DEEP के चिन्ह/लेबल/ट्रेड ड्रेस/पैकेजिंग के उपयोग जो कि MDPH के उत्पाद PANCH DEEP के किसी भी मिलते-जुलते और भ्रम पैदा करने वाले चिन्ह/लेबल/ट्रेड ड्रेस/पैकेजिंग के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। श्री अप्पाजी परफ्यूमरी हाउस (अतुलित दत्ता) अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छत्तीसगढ़) एवं लवली फ्रेग्रेन्स, अंबिकापुर जिला सरगुजा (छत्तीसगढ़) एवं भागचंद भवनदास, रायपुर (छत्तीसगढ़) के GUTAN PANCHAM DEEP एवं PANCHAM DEEP एवं उससे मिलते-जुलते चिन्ह/लेबल/ट्रेड ड्रेस/पैकेजिंग का उपयोग करना दंडनीय अपराध है। जो भी इनका प्रयोग करता पाया जायेगा उसके खिलाफ क़ानूनी कार्यवाही की जावेगी।

ऐसे अपराध के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए आप नीचे दिए गए विवरण पर संपर्क कर सकते हैं -

**ईमेल आईडी:** legal@zedblack.com | **पता:** मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस, सर्वे नं. 9/8, एसडीए एनेक्स, लसुड़िया मोरी, देवास नाका, इंदौर - 452010 (म.प्र.)




किसान की फसल खराब होने पर सरकार को लगाई फटकार


## 'तोते भी हैं जंगली जानवर', बॉम्बे हाई कोर्ट ने सुनाया दिलचस्प फैसला

एजेंसी ▶▶| नागपुर

बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि तोते भी 'जंगली जानवर' की श्रेणी में आते हैं और यदि वे किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, तो सरकार को मुआवजा देना होगा। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को एक किसान को उसके अनार के पेड़ों के नुकसान के लिए भुगतान करने का आदेश दिया है। यह मामला वर्धा जिले के हिंगी गांव के 70 वर्षीय किसान महादेव डेकाटे से जुड़ा है। उन्होंने अदालत में बताया कि मई 2016 में पास के वन्यजीव अभयारण्य से आए जंगली तोतों ने उनके अनार के बगीचे को भारी नुकसान पहुंचाया। उन्होंने इसके लिए मुआवजे की मांग की थी।

### चेतावनी के साथ ही मुआवजा देने का आदेश

किसान के अनुसार, तोतों के कारण उनके लगभग 200 अनार के पेड़ प्रभावित हुए। अदालत ने सरकार को प्रति पेड़ 200 रुपये के हिसाब से कुल 40,000 रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर किसानों को मुआवजा नहीं मिलेगा, तो वे अपनी फसलों की रक्षा के लिए ऐसे कदम उठा सकते हैं, जिससे वन्यजीवों को नुकसान पहुंच सकता है. इससे कानून का उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा।



### तोते और उनसे जुड़ीं प्रजातियां संरक्षित हैं : कोर्ट

अदालत ने यह भी कहा कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत तोते और उनसे जुड़ी कई प्रजातियां संरक्षित हैं इसलिए वे राज्य की संपत्ति माने जाते हैं। जब कानून नागरिकों से उम्मीद करता है कि वे वन्यजीवों की रक्षा करें, तो यह भी जरूरी है कि सरकार उनके कारण हुए नुकसान की भरपाई करे।

### किसान ने 20 लाख के नुकसान का किया था दावा

महादेव डेकाटे ने दावा किया था कि उन्हें करीब 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ। वन विभाग और कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी निरीक्षण में माना था कि लगभग 50 प्रतिशत फल पक्षियों द्वारा खराब किए गए थे। यह फैसला किसानों और वन्यजीव संरक्षण दोनों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### सरकार की दलील और हाईकोर्ट का जवाब

सरकार ने अदालत में कहा था कि पुराने सरकारी आदेशों के अनुसार केवल हाथी और बाइसन जैसे जंगली जानवरों द्वारा नुकसान पहुंचाने पर ही मुआवजा दिया जा सकता है लेकिन अदालत ने इस दलील को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि अगर कुछ ही जानवरों के कारण हुए नुकसान पर मुआवजा दिया जाए और बाकी को नजरअंदाज किया जाए, तो यह बराबरी के सिद्धांत के खिलाफ होगा। अदालत ने इसे संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन बताया।



58 लाख सक्रिय श्रमिकों में से 56 लाख का वेरिफिकेशन

# मनरेगा श्रमिकों की ई-केवायसी में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत श्रमिकों के ई-केवायसी कार्य में छत्तीसगढ़ ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में 97.11 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों का ई-केवायसी पूर्ण कर लिया गया है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक है। खास बात ये है कि छत्तीसगढ़ ने केरलम, त्रिपुरा, मिजोरम जैसे छोटे राज्यों तथा कर्नाटक, तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों को भी पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत श्रमिकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने में छत्तीसगढ़ ने देशभर में अग्रणी स्थान हासिल किया है। प्रदेश में लगभग 56.87 लाख से ज्यादा मजदूरों की डिजिटल वेरिफिकेशन पूरी की गई है, जो भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। यह डिजिटल प्रक्रिया फर्जी जॉब कार्डों को हटाने और सीधे वास्तविक लाभार्थियों के बैंक खातों में मजदूरी पहुंचाने में मदद कर रही है। राज्य में योजनाबद्ध ढंग से अभियान चलाकर ई-केवायसी की प्रक्रिया को तेज किया गया, जिससे बड़ी संख्या में श्रमिकों को समयबद्ध रूप से इससे जोड़ा जा सका।




## योजनाओं का लाभ दिलाने प्रतिबद्ध : साय

रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में कुल 58 लाख से अधिक सक्रिय श्रमिकों में से 56 लाख से अधिक का ई-केवायसी सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता को दर्शाती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, राज्य सरकार गरीब और श्रमिक वर्ग के हितों के संरक्षण एवं उन्हें योजनाओं का पारदर्शी लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक : शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, यह उपलब्धि प्रदेश के अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राम स्तर पर कार्यरत टीमों के समन्वित प्रयास का परिणाम है। उन्होंने बताया कि ई-केवायसी से न केवल फर्जीवाड़े पर रोक लगी है, बल्कि वास्तविक हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने में भी पारदर्शिता आई है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को बधाई देते हुए निर्देशित किया कि शेष लंबित प्रकरणों को भी शीघ्र पूर्ण कर प्रदेश को 100 प्रतिशत ई-केवायसी के लक्ष्य की ओर अग्रसर किया जाए।

# गर्मी का लंबा दौर, 16 दिन से राजधानी में 40 डिग्री का टार्चर, अभी भी लू के हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

करीब तीन साल बाद राजधानी में इस बार गर्मी का लंबा दौर चल रहा है। पिछले 16 दिन से यहां का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से कम नहीं हुआ है। दिन की तेज धूप के बाद रात में भी चार डिग्री के ज्यादा तापमान से लोगों को गर्मी सहनी पड़ रही है। राज्य के मध्य इलाके में अभी भी लू के हालात बने हुए हैं।

सोमवार को हवा की दिशा में हुए बदलाव की वजह से जांजगीर, रायगढ़ तथा बिलासपुर के कुछ इलाकों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश भी हुई। जगदलपुर समेत बस्तर में हालात सामान्य रहे, मगर मध्य इलाका गर्मी से झुलसता रहा। मौसम वेधशाला लालपुर में पिछले दो दिन से 44-45 डिग्री की भीषण गर्मी पड़ रही थी, जिससे सोमवार को थोड़ी राहत मिली। यहां छाए हल्के बादल और हवा की गति सामान्य से अधिक होने की वजह से तापमान में करीब दो डिग्री की गिरावट हुई। सोमवार को पारा 42.8 डिग्री दर्ज किया गया, जिससे यहां चल रही ग्रीष्मलहर में कमी आई। वहीं राजनांदगांव सोमवार को भी लू के थपेड़ों से झुलसता रहा और वहां का टेम्प्रेचर 44.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसस विभाग के मुताबिक, रायपुर में करीब तीन साल बाद अप्रैल में गर्मी का लंबा दौर चल रहा है। इस बार मौसम में बदलाव और आंधी-तूफान का दौर नहीं आने की वजह से तापमान में एकाएक बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। यहां 12 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41 डिग्री तक पहुंचा, जो सोमवार 27 अप्रैल तक नीचे नहीं उतरा। इस बीच 25 अप्रैल को अधिकतम पारे ने 44.6 डिग्री पहुंचकर पिछले 15 साल का रिकार्ड तोड़ दिया।




### हल्की गिरावट के आसार

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अभी एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तरप्रदेश और उसके आसपास बना हुआ है। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तरप्रदेश से उत्तर पश्चिम बांग्लादेश तक मौजूद है। एक द्रोणिका हवा की अनियमित गति के साथ मध्यप्रदेश के मध्य भाग से कोमोरिन क्षेत्र तक विस्तारित है। प्रति चक्रवात अंदरूनी महाराष्ट्र और उसके आसपास बना हुआ है। एक पश्चिमी विक्षोभ 54 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। 28 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### ऐसा रहा तापमान

| | |
|---|---|
| रायपुर | 42.8 |
| माना | 42.6 |
| बिलासपुर | 44.4 |
| पेंड्रा | 42.7 |
| अंबिकापुर | 41.2 |
| जगदलपुर | 37.7 |
| राजनांदगांव | 44.5 |

# 15 जुलाई तक नलकूप खनन पर प्रतिबंध

## दो दर्जन से अधिक आवेदन, इनमें चार को ही अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी के सीजन में लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके, इसके लिए जिला प्रशासन ने नलकूप खनन पर 15 जुलाई तक प्रतिबंध लगा रखा है। हालांकि ये प्रतिबंध शासकीय-अर्द्धशासकीय एवं नगरीय निकायों को पीने के पानी के लिए अपने क्षेत्र अधिकार सीमा क्षेत्र में नलकूप खनन पर लागू नहीं है, लेकिन व्यावसायिक काम्प्लेक्स, निजी भवनों, निजी अस्पतालों सहित अन्य सभी पर लागू है। इस आदेश के तहत अब नलकूप खनन कराने के लिए लोगों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जोन कार्यालय, निगम मुख्यालय से आवेदन स्वीकृत कराने के बाद प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। इधर प्रशासन से मिले आंकड़ों के अनुसार, जब से प्रतिबंध लगा है, तब से प्रशासन के समक्ष दो दर्जन से अधिक आवेदन नलकूप खनन के लिए आ चुके हैं, जिसमें से मात्र 4 आदेवकों को ही अनुमति मिल पाई है। हालांकि पूरे जिले में नलकूप खनन के लिए 100 से अधिक आवेदन आ चुके हैं।



गर्मी का सीजन चल रहा है, ऐसे में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के कई इलाकों में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। इन दोनों क्षेत्रों के कई इलाकों में पानी की समस्या को देखते हुए नगर निगम और ग्राम पंचायतों के जरिए पानी टैंकरों की व्यवस्था कर जलापूर्ति की जा रही है। राजधानी रायपुर में भी ऐसी कई कॉलोनियां एवं बस्तियां हैं, जहां टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में तिल्दा, अभनपुर, धरसींवा एवं आरंग क्षेत्र के कई गांवों में पानी की समस्या को देखते हुए टैंकरों से आपूर्ति की जा रही है।

**पुराने नलकूप-हैंडपंप सूखने से बचाने नए खनन पर रोक**-गर्मी के दिनों में जहां पहले से ही भूजल स्तर काफी नीचे चला जाता है, जिससे पुराने नलकूप एवं हैंडपंपों से पानी भी कम निकलता है। ऐसे में नए नलकूप खनन से पुराने नलकूप एवं हैंडपंपों के सूखने की संभावना रहती है। इससे उस क्षेत्रों में पानी संकट और गहरा सकता है।

**अनुमति लेने की प्रक्रिया जटिल, छूट रहा पसीना**-शहरी हो या ग्रामीण इलाके, कहीं भी पानी की समस्या गंभीर न हो। इसके मद्देनजर प्रशासन ने नए नलकूप खनन की अनुमति लेने की प्रक्रिया को सरलीकरण की जगह जटिल किया है, ताकि कोई भी न ही जल्दी से न आवेदन करें और न ही अनुमति दी जाए।

### सेवाकार्य-जनहित के लिए ही अनुमति

आवश्यक सेवाकार्य या जनहित से जुड़े आवेदनों पर ही नलकूप खनन की अनुमति दी जा रही है। रायपुर नगर निगम क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक आवेदन आए हैं, जिनमें से 4 को ही अनुमति दी है।

-**उमाशंकर बंदे**, एडीएम रायपुर

## घर में घुसकर 2 लाख की लूट, बहू की तकिए से दबाकर हत्या की कोशिश

**जशपुरनगर।** जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र में घर में घुसकर 2 लाख 10 हजार रुपए, मोबाइल और चांदी का पायल लूटने तथा महिला की हत्या की कोशिश करने वाले आदतन बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के दो साथी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रितेश प्रताप सिंह उर्फ लक्की सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी डुगडुगिया के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले जिला बदर किया जा चुका है। इतना ही नहीं, पिछली बार न्यायालय पेशी से लौटते समय लोरो घाटी में पुलिस कस्टडी से भी फरार हो गया था।पीड़ित किया राम यादव उम्र 60 वर्ष निवासी खारीझरिया ने पुलिस को बताया कि 7 अप्रैल की रात करीब 11 बजे वह घर में सो रहे थे। तभी बहू के कमरे से चीखने की आवाज आई।

# सही दवा शुद्ध आहार... व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में एफडीए की जांच, 15 दिन चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**पहले दिन कास्मेटिक प्रोडक्ट जांच दायरे में, खरीदी-बिक्री पर भी विशेष नजर**

खास खबर

शासन के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने खाद्य पदार्थ एवं जरूरी दवाओं की गुणवत्ता परखने के लिए जांच अभियान चलाया है। ''सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार'' थीम पर जांच अभियान 27 अप्रैल 11 मई तक चलाया जा रहा है। अभियान के पहले दिन औषधि निरीक्षकों की टीम ने दवाओं के साथ बाजार में बिकने वाली कास्मेटिक सामग्री की जांच की। वहीं खाद्य निरीक्षकों की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में बिकने वाले स्ट्रीट फूड को जांच दायरे में लाया।

### फेस वॉश, टेलकम पावडर जांच के दायरे में

अभियान के पहले दिन औषधि निरीक्षक टेकचंद धिरहे, ओमप्रकाश यादव, ईश्वरी नारायण सिंह, सुरेश कुमार साहू, प्रीति उपाध्याय और हंसा साहू की टीम ने कास्मेटिक सामग्री को जांच के दायरे में लिया। टीम राजधानी के बंजारी रोड, रामदेव मार्केट, गोल बाजार और बंजारी चौक के मेसर्स जवाहर फैंसी, गौरव ट्रेडर्स, राजकमल स्टोर्स, राजा फैंसी, श्री शुभम इमिटेशन, मेसर्स अजय फैंसी स्टोर्स, जय गुरुदेव स्टोर्स में पहुंचकर जांच की। उनके जांच दायरे में फेस वॉश, फेशियल जेल, सनस्क्रीन लोशन, हेयर रिमूवर क्रीम, टेलकम पाउडर और बेबी पाउडर शामिल थे। प्रतिष्ठान के संचालनकर्ता को निर्देशित किया गया कि वे सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री का क्रय बिना बिल के न करें और लेबल पर अंकित निर्देशों का पालन करें।



### जांच के बाद कार्रवाई भी

खाद्य एवं औषधि की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए टीम को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच के दौरान कमियों में सुधार लाया जाएगा और किसी तरह की गड़बड़ी मिलने पर आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। सोमवार से शुरू हुआ अभियान 11 मई तक चलेगा। - **दीपक अग्रवाल**, नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव अमित कटारिया ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को 15 दिन अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसके तहत खाद्य एवं औषधि निरीक्षकों की अलग-अलग टीम बनाकर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर जांच करने और कारोबारियों को नियमों का पालन करते हुए खरीदी-बिक्री के निर्देश दिए थे। इस दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को अपने जांच के दौरान राजस्व और पुलिस विभाग की मदद भी ली जा रही है। साथ ही जांच की नियमित जानकारी एफडीए मुख्यालय को भेजने की हिदायत दी गई है।





छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
www.cghb.gov.in

अटल विहार योजना अन्तर्गत आवासीय एवं व्यवसायिक भवन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

www.cghb.gov.in → ONLINE BOOKING → BOOK PROPERTY ONLINE

बुकिंग की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026

सबके लिए आवास

**उरला, अभनपुर में निर्मित अटल विहार योजना अंतर्गत स्वतंत्र एंव प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवनों का कार्पेट एरिया (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिनि. एम.आई.जी. टाईप-II (2 बी.एच.के.) | 2041.71 | 1076.25 | 865.32 | 39.05 | 3.91 |
| 2. | जूनि. एम.आई.जी. टाईप-II (2 बी.एच.के.) | 1507.75 | 982.90 | 731.35 | 33.46 | 3.35 |
| 3. | ई. डब्ल्यू. एस. फ्लैट (1 बी.एच.के.) | - | 403.00 | 326.67 | 5.52 से 5.87 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 9340036657,9340894040, 7697777082, 8964939782, 9406300201, 9300777291, 9424209041

**आरंग फेस-II, जिला-रायपुर में निर्माणाधीन अटल विहार योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवनों का कार्पेट एरिया (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | एम. आई. जी. (2 बी.एच.के.) | 1533.30 | 940.42 | 774.72 | 29.64 | 2.96 |
| 5. | एल. आई. जी. (2 बी.एच.के.) | 899.75 | 562.75 | 509.59 | 17.98 | 0.50 |

सम्पर्क सूत्र - 9340036657,9340894040, 7697777082, 8964939782, 9406300201, 9300777291, 9424209041

**गोबरा, नवापारा, जिला-रायपुर में निर्मित अटल विहार योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6. | ई. डब्ल्यू. एस. (1 बी. एच. के.) | 435.78 | 312.04 | 253.72 | 7.41 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 9340036657,9340894040, 7697777082, 8964939782, 9406300201, 9300777291, 9424209041

**मचेवा, महासमुंद में प्रस्तावित अटल विहार योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट एरिया (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट (1 बी.एच.के.) | 458.05 | 402.85 | 321.50 | 6.00 से 6.75 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 9302712623, 9479179131, 9893719882, 9074644266, 7697192220, 7354147254

**गुरुर फेस-III, जिला-बालोद में प्रस्तावित अटल विहार योजना के अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | एल. आई. जी. (2 बी.एच.के.) | 1032.96 | 592.33 | 445.57 | 15.57 | 0.50 |
| 9. | एल. आई. जी.-I (2 बी.एच.के.) | 968.40 | 558.98 | 413.72 | 14.12 | 0.50 |
| 10. | ई. डब्ल्यू. एस. (1 बी.एच.के.) | 603.63 | 396.50 | 317.53 | 7.27 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 8827667477, 9200192752, 9926146493, 7771805020, 9907749771, 9516996027, 7566633725, 9993339399, 7974333853

**सिवनी फेस II, जिला-बालोद में प्रस्तावित अटल विहार योजना के अंतर्गत स्वतंत्र भवन/दुकान उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11. | जुनि. एम. आई. जी. -II (2 बी.एच.के.) | 1507.75 | 852.41 | 683.80 | 24.82 | 2.48 |
| 12. | युटिलिटी दुकान | - | 185.93 | 185.93 | 5.41 | 0.54 |

सम्पर्क सूत्र - 8827667477, 9200192752, 9926146493, 7771805020, 9907749771, 9516996027, 7566633725, 9993339399, 7974333853

**पोटियाडीह फेस 6, जिला-धमतरी में प्रस्तावित अटल विहार योजना के अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13. | जूनि. एम. आई. जी. (2 बी.एच.के.) | 1089.45 | 691.65 | 621.28 | 20.40 | 2.04 |
| 14. | ई. डब्ल्यु. एस. (1 बी. एच. के.) | 484.20 | 328.72 | 279.87 | 6.48 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 8827667477, 9200192752, 9926146493, 7771805020, 9907749771, 9516996027, 7566633725, 9993339399, 7974333853

**ग्राम-माडिंग पीडिंग (धेनु), जिला-मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में प्रस्तावित अटल विहार योजना अंतर्गत उपलब्ध स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15. | एम. आई. जी. (स्वतंत्र 2 बी. एच. के.) | 1452.60 | 753.20 | 618.48 | 33.00 | 3.30 |
| 16. | एल. आई. जी. (स्वतंत्र 2 बी. एच. के.) | 968.40 | 585.34 | 420.93 | 18.60 | 0.50 |
| 17. | ई. डब्ल्यु. एस. (स्वतंत्र 1 बी. एच. के.) | 532.62 | 355.40 | 270.34 | 10.30 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 07744-469714, 7647835037, 9669961057, 8319335305, 9407790205, 8109132680, 8319896556, 8889544960

**परपोड़ी, जिला-बेमेतरा में प्रस्तावित अटल विहार योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18. | एल. आई. जी. (2 बी. एच. के.) | 1119.04 | 668.73 | 592.66 | 17.61 | 0.50 |
| 19. | ई. डब्ल्यू. एस. (1 बी. एच. के.) | 591.80 | 360.99 | 359.27 | 11.20 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 9424209025, 9584892449, 7697165679, 7000042369, 7987685947, 9479119384

**श्रीराम नगर, कांकेर में निर्मित अटल विहार योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20. | एल. आई. जी. (1 बी. एच. के.) | 1032.96 | 531.97 | 461.50 | 21.12 | 0.50 |
| 21. | ई. डब्ल्यू. एस (1 बी. एच. के.) | 435.78 | 312.04 | 305.36 | 8.30 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 8109135551, 7725067027, 8319110750, 9399584208

**श्रीराम नगर, कांकेर में प्रस्तावित अटल विहार योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22. | सिनि. एम.आई.जी. -III (2 बी. एच. के.) | 2041.71 | 1157.02 | 965.32 | 44.13 | 4.41 |
| 23. | सिनि. एम.आई.जी. -II (2 बी. एच. के.) | 2041.71 | 1076.00 | 709.99 | 39.24 | 3.92 |
| 24. | जुनि. एम.आई.जी. -III (2 बी. एच. के.) | 1507.80 | 852.51 | 699.77 | 34.83 | 3.48 |
| 25. | जुनि. एम.आई.जी. -II (2 बी. एच. के.) | 1507.80 | 982.93 | 599.48 | 30.35 | 3.03 |

सम्पर्क सूत्र - 8109135551, 7697192220, 7587245208, 8319110750, 9399584208

**चितालंका, दंतेवाड़ा में निर्मित अटल विहार योजना के अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26. | सिनि.एम.आई.जी. टाईप-II(2 बी.एच.के.) | 2041.71 | 1076.00 | 779.23 | 26.40 | 2.64 |
| 27. | जूनि.एम.आई.जी. टाईप-II(2 बी.एच.के.) | 1507.79 | 982.92 | 726.19 | 21.00 | 2.10 |

सम्पर्क सूत्र - 9826391128, 7999928405, 6260052655, 9926887809, 8225956700

**बंधी, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा, मरवाही में प्रस्तावित अटल विहार योजना के अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28. | एल. आई. जी. (स्वतंत्र 2 बी.एच.के.) | 968.40 से 1980.38 | 602.02 | 485.28 | 16.91 से 21.89 | 0.50 |
| 29. | ई. डब्ल्यू. एस. (स्वतंत्र 1 बी.एच.के.) | 591.80 | 405.33 | 335.39 | 7.83 से 7.90 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 9669452316, 9981435332, 9907953522, 9907285405, 9098444319, 9630271503

**खरमोरा, कोरबा में प्रस्तावित अटल विहार योजना के अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन/दुकान उपलब्ध**

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30. | एल. आई. जी. फ्लैट (2 बी.एच.के.) | 695.00 से 717.00 | 539.00 से 556.00 | 470.00 से 498.00 | 14.90 से 15.90 | 0.50 |
| 31. | दुकान | 297.00 | 230.00 | 199.00 | 9.70 | 0.97 |

सम्पर्क सूत्र - 9907285405, 9907953522, 9630271503

नियम एवं शर्तें : 1. धरोहर राशि ऑनलाईन पेमेंट गेटवे के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, यू.पी.आई., आर.टी.जी.एस. एन.ई.एफ.टी. द्वारा जमा किया जा सकता है। 2. स. क्र. 4, 5, 7 से 19, 22 से 25 एवं 28 से 31 तक के भवनों/दुकानों का आबंटन स्ववित्तीय ऑफर आधार पर ऑनलाईन के माध्यम से किया जाएगा। 3. स. क्र. 1 से 3, 6, 20, 21, 26 एवं 27 के भवनों का आबंटन "जहाँ है जैसा है" की स्थिति में एकमुश्त ऑफर आधार पर ऑनलाईन के माध्यम से किया जाएगा। 4. ऑफसेट मूल्य से अधिक ऑफर प्रत्येक 15 दिवस में प्राप्त किया जाएगा जिन हितग्राहियों द्वारा भुगतान हेतु चालान के माध्यम से आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी. का विकल्प चयन किया जाएगा, उन्हे एक अतिरिक्त बैंकिंग कार्य दिवस भुगतान हेतु प्रदान किया जाएगा। तदुपरांत आगामी कार्य दिवस में ऑफर खोला जाएगा। अवकाश होने की स्थिति में ऑफर अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। 5. ऑनलाईन ऑफर आवेदन केवल मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है। 6. उपरोक्त भवनों के दर्शित मूल्य स्टैंडर्ड है, बैटर लोकेशन, कार्नर तथा अतिरिक्त भूखण्ड की स्थिति में मूल्य नियमानुसार अधिक होंगे, भवनों के वास्तविक मूल्य बुकिंग पोर्टल से देखे जा सकते है। 7. अन्य नियम एवं शर्तें आवेदन पत्र में उल्लेख अनुसार मान्य होगा। 8. अधिक जानकारी हेतु संबंधित संपदा अधिकारी/कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र कार्यालय में सम्पर्क करें या विजीट करें मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in

**नोट - स. क्रं. 3, 5 से 10, 14, 18 से 21 के भवनों को निर्धारित आय संबंधित पात्रता से अधिक होने पर अनुदान राशि की पात्रता नही होगी।**

**टोल फ्री नंबर 1800 121 6313** **"हितग्राहियों की संतुष्टि...हमारा उद्देश्य"**

अधिक जानकारी के लिए विजीट करें www.cghb.gov.in

सबके घर की आस, सबके लिए आवास, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल पर सबका विश्वास

अधिक जानकारी के लिये स्कैन करें

बिलासपुर
मंगलवार 28 अप्रैल 2026
बैशाख शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्षः 26, अंकः 37
पृष्ठ : 10+6+8 =24, मूल्य: 5.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 44.4
न्यून. 29.6

### 2-2 साल से ऑडिट रिपोर्ट अपलोड नहीं

डीएमएफ के तहत स्वीकृत करोड़ों के काम में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को वित्तीय वर्ष समाप्ति के 3 माह के भीतर ही अनिवार्य रूप से आडिट और एनुअल रिपोर्ट डीएमएफ के वेबपोर्टल पर अपलोड करने के कड़े निर्देश जारी किए थे, लेकिन छत्तीसगढ़ में एक-दो जिलों को छोड़कर ज्यादातर ने न तो आडिट रिपोर्ट अपलोड की है और न ही वार्षिक रिपोर्ट। मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समिति को निगरानी का जिम्मा भी सौंपा गया है, लेकिन समिति भी निगरानी नहीं कर पा रही। डीएमएफ पोर्टल में सिर्फ रायपुर जिले की ही 2024-25 की आडिट रिपोर्ट अपलोड हुई है। बस्तर, बिलासपुर, धमतरी, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कोरबा, रायगढ़, सुकमा जैसे कई जिलों ने 2023-24 के बाद की आडिट रिपोर्ट अपलोड नहीं की है। बीजापुर जैसे कई जिलों ने तो 2018-19 के बाद की रिपोर्ट अपलोड नहीं की है। यही हाल वार्षिक रिपोर्ट का है। दुर्ग, दंतेवाड़ा, कोरबा ने जहां सिर्फ एक वार्षिक रिपोर्ट अब तक अपलोड की है, वहीं बीजापुर ने 3, महासमुंद-सरगुजा ने 4-4 और नारायणपुर ने सिर्फ 2 रिपोर्ट ही अपलोड की है। आडिट रिपोर्ट अपलोड नहीं होने के कारण संबंधित जिलों की गड़बड़ी का भी पता नहीं चल पा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में डीएमएफ में करोड़ों का भ्रष्टाचार हो चुका उजागर


# डीएमएफ में 18 हजार करोड़ से ज्यादा के काम, गड़बड़ियों की थोक में शिकायतें भी, पर न आडिट का पता और न ही वार्षिक रिपोर्ट का

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में अब तक जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) से 18 हजार करोड़ से अधिक राशि के 1 लाख 13 हजार से ज्यादा प्रोजेक्ट मंजूर हो चुके हैं। इनमें से आधे से ज्यादा प्रोजेक्ट पूरे भी हो चुके हैं, लेकिन डीएमएफ प्रोजेक्ट में गड़बड़ी और मनमानी की सबसे ज्यादा शिकायतें भी छत्तीसगढ़ में ही हैं। इनमें से कुछ मामलों की ईडी-सीबीआई के स्तर पर भी जांच चल रही है। डीएमएफ में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतों को देखते हुए ही केंद्र सरकार ने पारदर्शिता के सख्त निर्देश पिछले साल दिए थे, लेकिन जिले में बैठे अफसर इन निर्देशों को धता बता रहे हैं। राज्य के ज्यादातर जिलों ने न तो डीएमएफ की आडिट रिपोर्ट अपलोड की है और न ही वार्षिक रिपोर्ट। इससे गड़बड़ियां भी सामने नहीं आ पा रही हैं। छत्तीसगढ़ खनिज धारित राज्य है। खनिज धारित क्षेत्रों के विकास के लिए केंद्र सरकार ने कुछ साल पहले डीएमएफ ⏭ शेष पेज 6 पर

- वित्तीय वर्ष समाप्ति के 3 माह के भीतर आडिट और वार्षिक रिपोर्ट अपलोड करना जरूरी
- प्रदेश के ज्यादातर जिलों ने 2-3 साल की रिपोर्ट ही अपलोड नहीं की



### 18 हजार करोड़ से ज्यादा के 1.13 लाख काम

राज्य में डीएमएफ के तहत अब तक 18234 करोड़ के 1,13,394 कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से 932 करोड़ के 3946 कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं। 10688 करोड़ के 78247 कार्य पूरे हो चुके हैं। 4376 करोड़ के 20740 कार्य प्रगति पर हैं। 2 हजार 26 करोड़ के 9767 कार्य अलग-अलग कारणों से रद्द किए जा चुके हैं। जिला खनिज न्यास से राज्य के अलग-अलग जिलों से अब तक 14776.56 करोड़ की राशि संग्रहित की जा चुकी है।

## खबर संक्षेप

### त्रिवेदी बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को सोमवार को बांग्लादेश में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया।



दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार की कोशिशों के बीच त्रिवेदी की नियुक्ति का फैसला लिया गया है। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के दौरान दोनों देशों के संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे।

### कार और ट्रैक्टर की भिड़ंत में पांच की मौत

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में रविवार देर रात एक कार के ट्रैक्टर से टकरा जाने से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान साहिल यादव (19), हरि सिंह यादव (57), विनीत यादव (22), शुभम मोरप्पा (18) और संतोष प्रजापति (45) के रूप में हुई है। सभी मृतक महेन्द्रबाडी के रहने वाले हैं। यह दुर्घटना जिले के माखननगर थाना अंतर्गत आंचलखेड़ा के पास उस समय हुई।

### संजय दत्त ने गीत विवाद पर मांगी माफी

**नई दिल्ली।** अभिनेता संजय दत्त अपनी फिल्म 'केडीः द डेविल' के गीत 'सरके चुनर' को लेकर हुए



विवाद के सिलसिले में सोमवार को यहां राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष पेश हुए। यह सुनवाई इस गीत को लेकर शिकायतों से संबंधित है, जिसके बोल की आलोचना हुई है। दत्त, आयोग द्वारा शुरू की गई जांच के तहत सुनवाई में शामिल हुए। सोशल मीडिया पर रोष पैदा होने के बाद इस गीत को यूट्यूब से संभवतः हटा दिया गया है।

### शादी का झांसा देकर 9.35 करोड़ की धोखाधड़ी

**हैदराबाद।** लंदन में रहने वाले एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को शादी का झांसा देकर उससे 9.35 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक अभिनेत्री और उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। केंद्रीय अपराध स्टेशन में 60 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपने बेटे के साथ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद 20 अप्रैल को आरोपी अभिनेत्री और उसके परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### डॉ. निखिल एम्स दिल्ली के अंतरिम निदेशक

**नई दिल्ली।** एम्स दिल्ली के वरिष्ठ एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और डीन (अकादमिक) डॉ. निखिल टंडन संस्थान के अंतरिम निदेशक के



रूप में कार्यभार संभालेंगे। अंतरिम निदेशक के रूप में डॉ. टंडन की नियुक्ति डॉ. एम. श्रीनिवास के नीति आयोग में पूर्णकालिक सदस्य के रूप में शामिल होने के मद्देनजर की गई है। यह व्यवस्था एम्स नियम, 2019 के नियम 9(4) के तहत की गई है।

## अमेरिका के सामने रख दी बड़ी शर्त, ट्रंप बोले- हमारे पास सभी विकल्प

# होर्मुज खोलने को तैयार ईरान, कहा- पहले युद्ध खत्म हो, फिर परमाणु समझौते पर बात

*अमेरिका और ईरान की जंग को शुरू हुए अब दो महीने हो गए हैं, लेकिन अब तक दोनों देशों के बीच समझौता नहीं हो पाया है। इस बीच, ईरान ने अमेरिका के सामने एक नया प्रस्ताव रखा है। इसके तहत ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने के लिए तैयार है। हालांकि, उसने परमाणु हथियार के बारे में बाद में चर्चा करने की शर्त रखी है।*

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन/तेहरान

ईरान ने परमाणु समझौता किए बगैर होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए अमेरिका को प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव की जानकारी रखने वाले दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता किए के बिना होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की पेशकश कर रहा है। समझौते को लेकर बंद कमरें में हुई बातचीत के बारे में नाम न प्रकाशित किए जाने की शर्त पर दोनों अधिकारियों ने बताया कि ईरान अपने प्रस्ताव में अमेरिका से देश की नाकेबंदी को भी समाप्त करने की मांग कर रहा है। पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को भेजे गए इस नए प्रस्ताव को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन मिलने की संभावना नहीं है। ट्रंप ईरान के परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करना ⏭ शेष पेज 6 पर

- अमेरिका के मददगार खाड़ी देशों को ईरान ने दिया अल्टीमेटम

### इजरायल-हिजबुल्लाह में बढ़ा तनाव

इधर, इजरायल-हिजबुल्लाह मोर्चे पर भी तनाव बढ़ गया है। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर युद्धविराम उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में एक अपने सैनिक की 'लड़ाई के दौरान' मौत की पुष्टि की है। अप्रैल के मध्य से इस क्षेत्र में युद्धविराम लागू है।



### ट्रंप की चेतावनी, ईरान ने दी धमकी

ट्रंप की नई चेतावनी के कुछ घंटों बाद ईरानी उपराष्ट्रपति इस्माइल साघाब एस्फहानी ने खाड़ी देशों को चौंकाने वाली धमकी दी है। एस्फहानी ने कहा कि अगर नाकाबंदी या हमले के कारण हमारे तेल कुओं समेत बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया गया, तो हम हमलावर का समर्थन करने वाले देशों के बुनियादी ढांचे को चार गुना अधिक नुकसान पहुंचाया जाएगा।

### ईरान बोला - पाक भरोसे के लायक नहीं



ईरानी संसद के प्रवक्ता इब्राहिम रजाई ने सोमवार को ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता को लेकर पाकिस्तान की मध्यस्थता पर कड़ी आलोचना करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के पास आवश्यक विश्वसनीयता नहीं है। सांसद ने आरोप लगाया कि इस्लामाबाद हमेशा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हितों का ध्यान रखता है और अमेरिकियों की इच्छा के विरुद्ध एक शब्द भी नहीं बोलता। पाकिस्तान हमारा एक अच्छा दोस्त और पड़ोसी है, लेकिन वह बातचीत के लिए उपयुक्त मध्यस्थ नहीं है।

### ईरान ने 17 भारतीय चालक दल वाले टैंकर को बनाया निशाना



पश्चिम एशिया में समुद्र के रास्ते व्यापार करना लगातार खतरनाक होता जा रहा है। भारत सरकार ने बताया ईरान ने भारतीय चालक दल वाले एक रासायनिक टैंकर को अपना निशाना बनाया। ओमान की समुद्री सीमा के पास हुई इस फायरिंग की घटना ने सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। हालांकि, भारत सरकार पूरे हालात पर करीब से नजर बनाए हुए है और देशवासियों को खाद और रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर भी बड़ा भरोसा दिया है। पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को इस घटना की पूरी जानकारी दी। ईरानी तटरक्षक बल ने 25 अप्रैल को ओमान के आउटर पोर्ट सीमा में एक टोगो-ध्वज वाले टैंकर 'एमटी सिरोन' पर गोलियां चलाईं।

**खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों को कैसे निकाला जा रहा?**


शिपिंग और विदेश मंत्रालय मिलकर बाहर फंसे भारतीयों को लगातार वापस ला रहे हैं और 24 घंटे एक कंट्रोल रूम काम कर रहा है। अब तक 2,770 से अधिक भारतीय नाविकों को सुरक्षित देश वापस लाया जा चुका है। भारत सरकार कूटनीति पर भी जोर दे रही है।

## फेक एआई वीडियो पर साइबर सेल से 7 दिन में मांगी रिपोर्ट

# पूर्व सीएम भूपेश के फेक वीडियो मामले में एफआईआर दर्ज, महिला आयोग भी सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/भिलाई

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम से वायरल हो रहे फेक और एआई आधारित आपत्तिजनक वीडियो मामले की गंभीरता को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। राज्य महिला आयोग ने पुलिस और साइबर सेल को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कड़े शब्दों में कहा है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर किसी की छवि और महिला सम्मान को ठेस पहुंचाना अक्षम्य अपराध है। आयोग ने चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों में दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इधर, भिलाई में इस मामले में केस दर्ज होने की सूचना है। आयोग ने कहा है कि यह एक व्यक्ति की छवि धूमिल करने का प्रयास है, बल्कि महिला सम्मान पर भी यह सीधा हमला है। इस मुद्दे को लेकर हरिभूमि में खबर प्रकाशित हुई थी, जिसमें फेक और एआई को लेकर बवाल तथा एसपी को अल्टीमेटम देने की बात सामने आई थी, इसी आधार पर महिला आयोग ने पूरे मामले को गंभीर मानते हुए स्वतः संज्ञान में लिया है।



**साइबर सेल को जांच ,वीडियो के सोर्स की तलाश-** महिला एवं साइबर सेल को पत्र लिखकर वीडियो की तकनीकी जांच के निर्देश महिला आयोग ने दिए हैं। इसमें वीडियो के मूल स्रोत का पता लगाने और इसे वायरल करने वाले लोगों या गिरोह की पहचान करने पर जोर दिया गया है।

**एसपी को एफआईआर के निर्देश-** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने दुर्ग ⏭ शेष पेज 6 पर

### एआई तकनीक का दुरुपयोग महिला गरिमा पर सवाल


महिला आयोग के मुताबिक, आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल कर भ्रामक और आपत्तिजनक वीडियो तैयार किया गया है। इससे न केवल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई है, बल्कि इसमें शामिल सामग्री से महिला समाज की गरिमा भी आहत हुई है।

# पुष्पा स्टाइल में नशे की तस्करी, नहर में 17 पैकेटों में मिला 73 किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद/ पांडुका

ओडिशा सीमा में लकड़ी तस्करी के बाद गरियाबंद जिले के मैदानी इलाकों में तस्करों के नए-नए हथकंडे सामने आ रहे हैं। लकड़ी तस्करी के बाद अब नशे की तस्करी भी पुष्पा स्टाइल में होने लगी है। ताजा मामला पाण्डुका थाना क्षेत्र के ग्राम अतरमरा का है जहां सिंचाई विभाग की नहर में तैरते हुए गांजा के पैकेट मिलने से इलाके में सनसनी ⏭ शेष पेज 6 पर

- जब्त गांजे का बाजार मूल्य 15 लाख रुपए से अधिक



### अतरमरा क्षेत्र पहले भी अवैध गांजा कारोबार को लेकर चर्चा में

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि तस्करों ने पुलिस की नजर से बचने या दबाव के चलते गांजा की खेप को नहर में फेंक दिया होगा। यह भी संभावना है कि यह खेप जतमई ⏭ शेष पेज 6 पर

### मामले की जांच जारी

पाण्डुका थाना प्रभारी कृष्ण कुमार जांगड़े ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि ग्रामीणों की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी पैकेट जब्त कर लिए गए हैं। मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## फूड पॉइजनिंग की आशंका

# बिरयानी के बाद खाया तरबूज, पूरा परिवार खत्म

एजेंसी ⏭ मुंबई

मुंबई से एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है, एक ही परिवार के चार लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार ने रात करीब 10:30 बजे साथ में खाना खाया था। खाना खाने के बाद रिश्तेदार अपने-अपने घर लौट गए। देर रात परिवार के चारों सदस्यों ने तरबूज खाया। इसके बाद सुबह चारों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। अस्पताल में चारों की मौत हो गई।



### अस्पताल में इलाज के दौरान चारों की मौत

मृतकों की पहचान अब्दुल्ला डोकाडिया (40), नसरिन डोकाडिया (35), आयशा (16) और जैनब (13) के तौर पर हुई है।

# अनियंत्रित होकर पलटी बस,19 बाराती घायल

## बारात लौटते समय हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बरातियों को लेकर लौट रही बस अनियंत्रित होकर बोरी थाना अंतर्गत मड़ियापार के पास सड़क किनारे रविवार को देर रात पलट गई। हादसे में 19 बराती घायल हो गए। इसमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। मामले में बोरी पुलिस ने चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बराती बस क्रमांक सीजी 08 एवी 4100 से शादी के पश्चात ग्राम मड़ियापार से दुर्ग के तितुरडीह लौट रही थी। ग्राम ⏭ शेष पेज 6 पर

- बोरी पुलिस ने चालक को लिया हिरासत में



### लौटते समय हुआ हादसा

बस में 30 से 40 बाराती सवार थे। बोरी मड़ियापार में कार्यक्रम खत्म कर लौट रहे थे। दो की हालत गंभीर है। दुर्ग तितुरडीह से बारात गई थी। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

-अनिल पटेल, निरीक्षक, बोरी थाना

### घायलों में ये हैं शामिल

घायलों में मोहनगर से तामेश्वर यादव, कोड़िया से टीका राम यादव, नंदिनी नगर से डाल शिखर यादव, ग्राम तीतु जिगाली से राम गरीब, कोड़िया उतई से दुलार यादव, जयंती नगर से मोहित यादव, रवि यादव, नीलमणी यादव, प्रकाश यादव, गगन यादव, भिलाई तीन मंजीत यादव, कोड़िया नंदिनी देवेन्द्र यादव, सेमरिया नंदिनी डालेश्वर यादव, तीतुरडीह अलदीप यादव, सेमरिया यश यादव, ईशांत यादव, बोरी भोमेश यादव शामिल हैं।

## वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन का छलका दर्द, कहा-

# सुना था वक्त अक्सर इम्तिहान लेता है...

### बिजली संयंत्र के संचालन व रखरखाव का जिम्मा है एनटीपीसी-जीई के पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के बिजली संयंत्र में हुआ विस्फोट एक दुखद घटना है और उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। घटना के लगभग दो सप्ताह बाद उन्होंने यह भी कहा कि संयंत्र के संचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) की पूरी जिम्मेदारी एनटीपीसी और जीई की संयुक्त उद्यम एनजीएसएल को सौंपी गई थी। अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, हमारे एथेना संयंत्र में हमने सुरक्षा के उच्चतम मानक लागू किए थे। संचालन एवं रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी एनजीएसएल को दी गई थी जो एनटीपीसी एवं जीई के बीच साझेदारी है और भारत की सबसे भरोसेमंद संस्थाओं में एक मानी जाती है। ठेकेदार, दल और तकनीकी विशेषज्ञता सभी उन्हीं के थे। इसी भरोसे पर ⏭ शेष पेज 6 पर

### सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

एक सोशल मीडिया पोस्ट में, वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने एक बेहद व्यक्तिगत संदेश साझा किया, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत और संगठनात्मक दोनों स्तरों पर गहरे दुख और क्षति के दौर पर अपने विचार व्यक्त किए। सुना था वक्त अक्सर इम्तिहान लेता है, पिछले कुछ महीनों से मैं यह अनुभव भी कर रहा हूं। साल की शुरुआत में ही, मैंने पहले अपने नौजवान बेटे को खो दिया और फिर, इस महीने, 14 अप्रैल ⏭ शेष पेज 6 पर



### 14 अप्रैल को क्या हुआ था?

14 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के सिंहितराई गांव स्थित वेदांता के बिजली संयंत्र में विस्फोट हुआ था। बॉयलर से टरबाइन तक उच्च दबाव की भाप ले जाने वाली स्टील ट्यूब में यह विस्फोट हुआ था। इसमें 25 मजदूरों की मौत हो गई थी और कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए थे।

### वेदांता ऐसे आई सामने

वेदांता ने जान गंवाले वालों के घरवालों को 35 लाख रुपए मुआवजा और रोजगार सहायता के साथ घायलों को 15 लाख रुपए देने की घोषणा पहले ही कर दी है। इस घटना के संबंध में छत्तीसगढ़ पुलिस ने अग्रवाल सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। 14 अप्रैल को हादसा होने के तुरंत बाद अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति संवेदना जताई थी। घटना की गहराई तक जाकर पूरी जांच कराने का भरोसा दिया था। उन्होंने प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता देने का वादा भी किया था।

# मंत्री नारायण राणे को एक महीने कैद की सजा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले की एक अदालत ने वर्ष 2019 में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एक अभियंता पर कीचड़ फेंकने के मामले में राज्य के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे को सोमवार को दोषी ठहराते हुए उन्हें एक महीने कैद की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि कानून निर्माताओं को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। घटना के वक्त राणे विपक्ष के नेता थे। हालांकि, अदालत ने राणे की सजा निलंबित कर दी और उन्हें उच्च न्यायालय में अपील करने का समय दिया, जबकि इस मामले में 29 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया गया। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश वी एस देशमुख ने कहा, हालांकि राणे का इरादा घटिया काम और जनता को हो रही असुविधा के खिलाफ आवाज उठाना था, लेकिन उन्हें किसी लोक सेवक को सार्वजनिक रूप से अपमानित या बेइज्जत नहीं करना चाहिए था। न्यायाधीश ने कहा, यदि ऐसी घटनाएं होती रहीं, तो लोक सेवक गरिमा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर पाएंगे। अदालत ने कहा कि 'ऐसी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना समय की मांग है।



## चिंतन

# अमेरिका-ईरान वार्ता में पाक की खुली पोल

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने खुद को मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश जरूर की, लेकिन हालिया घटनाक्रम ने उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ईरानी सांसदों ने पाकिस्तान को दो टूक कह दिया कि उन्हें उस पर भरोसा नहीं है। पाकिस्तान अमेरिका के पिट्ठू की तरह काम कर रहा है। यही बात पहले ईरानी मीडिया भी कह चुका है। ईरान का खुले तौर पर पाकिस्तान पर अविश्वास जताना यह संकेत देता है कि इस्लामाबाद की कूटनीतिक भूमिका अब संदेह के घेरे में है। जिस वार्ता को पाक अपने लिए वैश्विक स्तर पर एक अवसर के रूप में देख रहा था, वही उसके लिए असहज स्थिति का कारण बनती दिख रही है। पाकिस्तान में होने वाली दूसरे दौर की वार्ता जिस तरह से शुरू होने से पहले ही रद्द हो गई। उसने साफ संकेत दे दिया है कि अब पाकिस्तान फंसने वाला है। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भाषा बोल रहे हैं। उससे ईरानी वार्ताकारों के मन में संशय होना अनायास नहीं है। वार्ता के बीच में ट्रंप का मुनीर की प्रशंसा करना स्पष्ट रूप से दिखाता है पाकिस्तान ट्रंप को किसी भी हाल में नाराज नहीं कर सकता। हालांकि इस वार्ता में पाक की हैसियत एक डाकिये से अधिक नहीं रही है। वह सिर्फ अमेरिका के प्रस्ताव को ईरान के समक्ष और ईरान के प्रस्ताव को अमेरिका समक्ष रखने का ही काम कर रहा है। अनेक विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान का समझौता करवाने के लिए बीच में कूदना कहीं न कहीं अमेरिका से ही प्रेरित है। अब देर सबेर उसकी पोल खुलना तय है। ट्रंप जैसे व्यक्ति के साथ किसी भी तरह के समझौते पर पहुंचना आसान नहीं है। उधर, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शरण में पहुंच गए हैं। अगर पुतिन इस समझौते को आगे बढ़ाने के लिए राजी होते है तो शायद इसका समाधान निकल सकता है। हालांकि ट्रंप के व्यवहार को देखते हुए दुनिया के तमाम समझदार देश इससे दूर ही रहेंगे। दरअसल, किसी भी अंतरराष्ट्रीय वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका तभी प्रभावी होती है जब दोनों पक्ष उस पर समान रूप से भरोसा करें। यहां पाकिस्तान इस कसौटी पर खरा उतरता नजर नहीं आ रहा। ईरान का यह आरोप कि पाकिस्तान अमेरिका के प्रभाव में काम कर रहा है, कोई नई बात नहीं है, लेकिन अब यह आरोप खुलकर सामने आना स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के बयानों और रुख ने भी इस धारणा को मजबूत किया है कि इस्लामाबाद स्वतंत्र कूटनीतिक रुख अपनाने में असफल रहा है। कूटनीति में संतुलन और स्वायत्तता बेहद जरूरी होती है, और यही वह क्षेत्र है जहां पाकिस्तान पिछड़ता दिख रहा है। दूसरी ओर, ईरान ने भी अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। वह किसी भी प्रकार के दबाव में आने को तैयार नहीं है और अपनी शर्तों पर ही वार्ता चाहता है। ऐसे में रूस जैसे देशों की ओर उसका झुकाव यह संकेत देता है कि वैश्विक शक्ति संतुलन में नए समीकरण बन रहे हैं। यदि रूस इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाता है, तो पाकिस्तान की भूमिका और भी सीमित हो सकती है। इस पूरे परिदृश्य से एक बड़ी सीख यह मिलती है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में केवल पहल करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि विश्वसनीयता और संतुलन बनाए रखना उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। पाकिस्तान ने जल्दबाजी में खुद को एक बड़े मंच पर लाने की कोशिश की, लेकिन तैयारी और भरोसे की कमी ने उसकी स्थिति कमजोर कर दी।

# लव जिहाद का क्राइम सिंडिकेट




**अपराध**
मनोज कुमार अग्रवाल

महाराष्ट्र के अमरावती जिले में 180 नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद अब इस पर सियासत भी गरमा गई है। भाजपा ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है। भाजपा नेताओं ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसआईटी जांच की मांग की है। आरोपी मोहम्मद अयाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, नासिक में भी सामने आए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामले ने उद्योग जगत को झकझोर कर रख दिया है। जरूरत है ऐसे मामलों में सख्त सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाए।

हाल ही में देश के तीन अलग-अलग शहरों में धर्मांतरण और लव जिहाद के मामले सामने आ रहे हैं। नासिक, अमरावती और सूरत से पुलिस ने एक ही पैटर्न पर लवजेहाद का खुलासा है। इन मामलों में पुलिस कार्रवाई कर रही है। धर्मांतरण और लव जिहाद मामलों में पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ा जा रहा है। इनके नेटवर्क तक पहुंचने का प्रयास हो रहा है। क्या विदेशी कनेक्शन भी है? इसको भी जांच हो रही है। महाराष्ट्र के अमरावती जिले से बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, 180 नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद अब इस पर सियासत भी गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है। भाजपा नेताओं ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसआईटी जांच की मांग की है।

अमरावती पुलिस ने मोहम्मद अयाज नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अयाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, खासकर व्हाट्सएप और स्नैपचैट के जरिए नाबालिग लड़कियों को अपने जाल में फंसाया। जांच में पता चला है कि आरोपी ने कम से कम 180 लड़कियों का यौन शोषण किया और उनके 350 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड किए। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया है, जिसमें भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री मिली है। आरोपी फिलहाल सात दिनों की पुलिस हिरासत में है। अमरावती के अलावा नागपुर और परतवाड़ा जैसी जगहों की लड़कियों को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस पूरे मामले की गहराई से जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने की अपील की है। वहीं, भाजपा विधायक देवयानी फरांदे ने कहा कि आईटी कंपनियों में महिलाओं के साथ अत्याचार और उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की खबरें आ रही हैं, जो चिंताजनक है।

उधर महाराष्ट्र के नासिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के नासिक यूनिट में सामने आए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामले ने उद्योग जगत को झकझोर कर रख दिया है। मामले की मुख्य आरोपी निदा खान को सत्र न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। वहीं, नासिक पुलिस ने उसकी धरपकड़ के लिए जाल बिछा दिया है। पुलिस के अनुसार, इस पूरे मामले में निदा खान की भूमिका बेहद संदेहास्पद है। उस पर कर्मचारियों के जबरन धर्मांतरण में शामिल होने का गंभीर आरोप है। दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक, आरोपी दानिश शेख ने पीड़िता का परिचय तौसीफ और निदा से कराया था। आरोप है कि ये लोग हिंदू देवी-देवताओं और धार्मिक प्रतीकों, विशेषकर शिवलिंग, भगवान कृष्ण और द्रौपदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते थे, जिससे पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर धर्मांतरण के लिए उकसाया जा सके। फरार निदा खान ने अपनी दो महीने की गर्भावस्था का हवाला देते हुए गिरफ्तारी से सुरक्षा मांगी थी। हालांकि, सोमवार को कोर्ट ने उसे कोई राहत नहीं दी और अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है। जांच में सामने आया है कि इस शोषण का शिकार होने वाली अधिकांश युवतियां



मध्यमवर्गीय परिवारों से हैं, जिनकी उम्र 21 से 30 वर्ष के बीच है और वेतन लगभग 20,000 रुपये प्रतिमाह है। दूसरी ओर, टीसीएस ने स्पष्ट किया है कि कंपनी ने उत्पीड़न के आरोपों में शामिल कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। हालांकि, कंपनी का यह भी कहना है कि उन्हें आंतरिक चैनलों के माध्यम से ऐसी कोई शिकायत पहले प्राप्त नहीं हुई थी। फिलहाल, नासिक पुलिस की एसआईटी कुल नौ एफआईआर की जांच कर रही है, जिसमें छेड़छाड़, मानसिक प्रताड़ना और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसे गंभीर मामले शामिल हैं।

गुजरात में सूरत के इच्छापोर इलाके में एक नाबालिग हिंदू लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। 'लव जिहाद' जैसे इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें मुख्य आरोपी मुस्लिम युवक है और उसकी मदद करने वालों में तीन मुस्लिम और एक हिंदू युवक शामिल है। सोशल मीडिया के जरिए नाबालिक हिंदू युवती को फंसाया गया था और फिर होटल में ले जाकर मुख्य आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया था। इच्छापोर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इच्छापुर गांव में रहने वाले एक श्रमिक परिवार की कक्षा 12 में पढ़ने वाली नाबालिग बेटी को आरोपी मोहम्मद साजिद उर्फ अहद मोहम्मद जावेद पठान ने सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर अपने प्रेम जाल में फंसाया था। प्रेम का नाटक कर वह उसे बहला फुसलाकर एक होटल में ले गया। यहां उसने उसके साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। जब इस बात की जानकारी लड़की के परिवार को हुई, तो वे तुरंत इच्छापोर पुलिस स्टेशन पहुंचे और मामला दर्ज कराया। उधर आरोपी पुलिस द्वारा पकड़े जाने की भनक लगते ही अपने पैतृक स्थान बिहार भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पहचान छिपाने के लिए मुख्य आरोपी मोहम्मद साजिद ने अपने मित्र अभय कुमार शर्मा की मदद ली थी। अभय ने मोबाइल एडिटिंग ऐप के जरिए साजिद के आधार कार्ड में नाम बदलकर 'अभिषेक गुप्ता' (एक हिंदू नाम) कर दिया था ताकि होटल में कोई दिक्कत न हो। इसी फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर उसने होटल में कमरा बुक किया और लड़की के साथ बलात्कार किया था। यहां बता दें कि लव जिहाद वाली शादियों पर रोक लगाने की तैयारी शुरू हो गई। अपनी पहचान छिपाकर या माता-पिता को अंधेरे में रखकर शादी करना आसान नहीं होगा। इसकी इनिशिएटिव गुजरात से हुई है। राज्य सरकार ने इसके खिलाफ विधान सभा में कानून लाने की तैयारी की रही है।

वहीं, हाल के दिनों में कई शहरों से जिम ट्रेनरों द्वारा महिलाओं को प्रेम जाल में फंसाकर शोषण, ब्लैकमेलिंग और जबरन वसूली के मामले सामने आए हैं। ये घटनाएं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। बीते दिनों सूरत के पाल इलाके में एक सनसनीखेज मामला सामने आया। सिटीलाइट स्थित 'पूजा एल1' जिम के 42 वर्षीय ट्रेनर शब्बीर टूंकवाला पर एक 45 वर्षीय विवाहित महिला को प्रेम जाल में फंसाने, निजी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख की फिरौती मांगने और उसके पति पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इस तरह की तमाम वारदातों की इन दिनों झड़ी लगी हुई है लगातार देश के तमाम शहर कस्बों में एक समुदाय विशेष के शोहदे हिन्दू लड़कियों को तरह तरह से फंसा कर ब्लैक मेल कर न सिर्फ उनके धर्मांतरण का खेल खेल रहे हैं वरन अनेक मामले में उन्हें ब्लेकमेल कर अवैध देह के धंधे में धकेल दिया जाता है। सरकार को लवजेहाद और धर्मांतरण के लिए सक्रिय तमाम मजहबी फिरकापरस्त लोगों के नियंत्रण के लिए और अधिक सख्ती करनी होगी, वहीं हिन्दू समाज को भी अपनी लड़कियों को आगाह कर जागरूक करना होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विचार

इंदिरा मिश्र

# मनुष्य को ऊंचे संस्कार कैसे मिलें

भारत का सनातन धर्म बेजोड़ है। इसकी लोगों में कोई स्पष्ट धारणा या दृढ़ निश्चित भावना नहीं है कि हमारा सनातन धर्म है क्या? इसे वेदांत भी माना जा सकता है, अर्थात एक ही मनुष्य को आत्मा और परमात्मा के रूप में अभिन्न माना जा सकता है। इसे हमारे जीवन के 'यम' व 'नियम' भी माना जा सकता हैं जिनमें शामिल होता है व्यक्ति द्वारा सदा पालन किए जाने वाले वो उसूल जिनका सरोकार दूसरों से पड़ता है अर्थात सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्तेय एवं अपरिग्रह। नियम वे है जिनका व्यक्ति को स्वयं अपने आप पालन करना होता है-अर्थात ध्यान, धारणा, ईश्वर, प्रणिधान, प्रत्याहार, आसन, समाधि, व स्वाध्याय। मनुष्य व परमात्मा दोनों एक दूसरे से अभिन्न हैं। हमारे पुराण तथा उपनिषद् ऐसी कथाओं भी से भरे पड़े हैं जो सत्य की विजय, अहिंसा की शांति, ब्रह्मचर्य का तेज, अस्तेय की पवित्रता और अपरिग्रह की निस्वार्थता सत्ता को दर्शाते हैं। ये 'यम' कहलाते हैं। दूसरी ओर अपने आन्तरिक विकास के लिए हमें नियमों का पालन करना होता है। अर्थात ऊंचे आदर्शों की धारणा, उनका तथा हम सब को बनाने वाले ईश्वर का ध्यान व उनके स्वरूप की कल्पना, अपनी इन्द्रियों को वश में रखना, आपने शरीर को संतुलित रखने के लिए आसन, व प्राणायाम करना, अपने मस्तिष्क को सक्रिय रखने के लिए स्वाध्याय तथा समाधि में बैठना।




सत्य, अहिंसा, अस्तेय (चोरी ना करना) व अपरिग्रह (अनावश्यक संग्रह ना करना) बालक को भी शुरू से सिखाने चाहिए। इन आदर्शों का पालन एक व्यवस्थित समाज का निर्माण करता है। यदि कोई इनका पालन नहीं करता तो दुनिया में अराजकता पैदा होगी और हमारा बच्चा भी उसी अराजकता को आगे बढ़ायेगा। यहां पर श्री मां का कथन सुसंगत है। वे कहती है कि यदि माता-पिता स्वयं सत्य नहीं बोलते तो बच्चा आगे चलकर सच बोलेगा इसमें संदेह बना रहेगा। बहुत से बच्चों को कुछ अच्छी बातें उनके माता पिता (अज्ञानवश) जैसे, की सफाई से रहना सिखाते ही नहीं। वह स्वयं वर्षों बाद जाकर साफ रहना सीख पाता है।

श्री मां यह भी कहती है कि नैसर्गिक रूप से हर बच्चों में यह प्रवृत्ति होती है कि वह अपने सामने दुनिया में अच्छाई, न्याय, सफाई, प्रेम, सुरक्षा, आनंद, और सौंदर्य ही देखे। वह देखना चाहता है कि नित्य, निरंतर चमत्कार हों, सचेतन और सतत सफलता हो। जब वह छोटा होता है तो वह चमत्कारों के ही सपने देखता है। वह चाहता है कि सब दुष्टता लुप्त हो जाए। सब कुछ ज्योतिर्मय, सुंदर और प्रसन्न हो। वह सुखान्त कहानियों को पसंद करता है। इस आशावादिता को उसके मन में स्थापित करना चाहिए। किंतु माता-पिता या शिक्षक इस सब पर पानी फेर देने में समय बिता देते हैं, यह कहकर कि ओह! यह तो एक सपना है- यह एक वास्तविकता नहीं है। इस तरह से वे उसे एक आशावान व प्रसन्नचित, बालक बनाने की बजाय उसे एक साधारण या मामूली बालक बना देते हैं और उसमें संकीर्णता या भावनाहीनता ला देते हैं। वे उसमें निराशावाद भर देते हैं। यह भाव माता-पिता स्वयं के अंदर एक तेजाब की तरह है, जो भावी संभावनाओं में आशा निश्चयता और दृढ़ विश्वास को धो डालता है।

कहानी लेखकों की बात पर श्री मां कहती है कि बहुत थोड़े से लोग ही ऐसे होते हैं जो यहां जानते हैं कि कोई सुंदर कहानी कैसे लिखी जाती है। बहुधा अपनी कहानियों में वे भयावह वस्तुओं को शामिल कर देते हैं, जिसका कोई औचित्य भी नहीं होता। अपनी आशावादिता का या सृजनात्मक शक्ति का प्रयोग कैसे किया जाता है- इसका ज्ञान यदि अभिभावक को हो जाए तो वह बच्चों के लिए एक बेहतर भवितव्यता की पृष्ठभूमि तैयार कर सकता है।

दूसरी बात, श्री मां पूर्ण निष्कपटता पर बल क्यों देती हैं? जब तुम छोटे थे तो तुम्हें क्या सिखाया गया था?, माता-पिता लगभग सदा ही बच्चों को सिखाते हैं कि झूठ बोलना बहुत बुरा है। परंतु दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि वे स्वयं तुम्हारी उपस्थिति में झूठ बोलते हैं... दूसरों की आंखों में अच्छा दिखने के लिए, वे सिखाते हैं कि किस तरह का (बच्चें) स्वांग भरें... यह कपट को उकसाता है। परंतु यह कपट बच्चों को भी निर्मल बने रहने नहीं देता।

# जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
**दर्शन**

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हर तरह का अतिक्रमण हटाया जाए

पूरे देश में कहीं भी किया गया अतिक्रमण और सरकारी भूमि पर अवैध नया-पुराना, हर प्रकार का अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाना बहुत जरूरी है। भारत 140 करोड़ व्यक्तियों का देश है। रोटी हर किसी ने खानी है, बच्चे सभी ने पालने हैं। अधिकतम लोग ये धमकियां देते हैं कि वे लोग ऐसे कब्जे नहीं करेंगे तो वे जिएंगे कैसे? इस हिसाब से, ऐसी बदमाशी देश के सभी नागरिक करने लगे तो हमारे समाज और देश का क्या हाल हो जाएगा। अतिक्रमणकारियों, तुम 'रोटी खाकर' तथा अपने 'बच्चे पालकर' देश के ऊपर कोई एहसान नहीं कर रहे हो। ये बहुत बड़ी बदमाशी, नीचता और गुंडागर्दी वाली बात हो जाती है। एक तो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, ऊपर से कानून व प्राधिकार को चुनौती और धमकियां देना जायज नहीं है। हर तरह के अवैध कब्जे हटने चाहिए। *-महेंद्र ठाकुर, धमतरी*

## ट्रेंड

### बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे



पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद भी सात दिनों तक केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। भले ही भाजपा सत्ता में आ जाए। यह राज्य की सुरक्षा के लिए जरूरी है। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। ऐसे लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।
**-अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### केजरीवाल का मुखौटा उतरा



भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कांग्रेस खिलाफ 'प्रॉक्सी' की तरह इस्तेमाल किया है। अब आप एवं अरविंद केजरीवाल का मुखौटा उतर चुका है। केजरीवाल की पार्टी ने धनकुबेरों को धन के आधार पर राज्यसभा भेजा और अब इसका नाम अरबपति आदमी पार्टी हो जाना चाहिए।
**-अजय माकन**, कोषाध्यक्ष, कांग्रेस

### क्या सारे सांसद गलत



मैं गलत हो सकता हूं लेकिन कुल 7 सांसदों ने पार्टी छोड़ी तो क्या सारे गलत हो गए। इससे पहले भी जिन लोगों ने पार्टी छोड़ी, क्या वह भी गलत हो गए। मैं पार्टी का फाउंडर मेंबर रहा। जिस मकसद से यह पार्टी बनी थी, अब ये वह पार्टी नहीं रही।
**-राघव चड्ढा**, भाजपा नेता

### सरकार के इशारे पर उत्पीड़न




गाजीपुर में सपा कार्यकर्ता के साथ जो उत्पीड़न हुआ, वह सरकार के इशारे पर हुआ। इसमें सरकारी अधिकारियों व भाजपा से जुड़े लोगों की भूमिका है। भाजपा नहीं चाहती कि उनकी पार्टी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के साथ खड़ी होकर उन्हें न्याय दिलाए। **-अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख

## करंट अफेयर

# एनटीपीसी का दो परमाणु इकाइयां लगाने पर विचार

ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी बिहार के बांका जिले में 700–700 मेगावाट की दो परमाणु इकाइयां स्थापित करने पर विचार कर रही है। इस परियोजना पर लगभग 25,000 करोड़ रुपये का निवेश हो सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि पटना से करीब 250 किलोमीटर दूर स्थित इस जिले में प्रस्तावित दो परमाणु इकाइयों के लिए फिलहाल व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। बिहार सरकार ने परियोजना के लिए पूरा सहयोग और जल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इन इकाइयों के लिए करीब 1,000 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। उद्योग के अनुमानों के मुताबिक, एक गीगावाट क्षमता के परमाणु संयंत्र पर 15,000 से 20,000 करोड़ रुपये का निवेश आता है। अधिकारी ने कहा कि व्यवहार्यता रिपोर्ट पूरी होने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। एनटीपीसी देश के विभिन्न स्थानों पर करीब 30 गीगावाट की परमाणु क्षमता स्थापित करने की योजना बना रही है, जो 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता हासिल करने के सरकारी लक्ष्य के अनुरूप है।



## ऑफ बीट

# मद्यपान यकृत की बीमारी को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार



यकृत बेहद जरूरी अंग है। इंसान को जीने के लिए इसकी जरूरत होती है। यकृत चयापचय और भोजन भंडारण में योगदान देता है, रक्त का थक्का जमाने में मदद करने वाले प्रोटीन का उत्पादन करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली में अहम भूमिका निभाता है। कोशिका के स्तर पर, शराब एक विषैला पदार्थ है जिसका चयापचय (विघटन) मुख्यत: यकृत में होता है। जब शराब की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो यकृत की कोशिकाएं सूज जाती हैं और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं (यकृत की सूजन को हेपेटाइटिस कहते हैं)। समय के साथ, सूजन या क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जगह फाइब्रोसिस आ जाता है, यानी सामान्य यकृत ऊतक का स्थान नुकसान पहुंचाने वाले ऊतक ले लेते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सिरोसिस की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यकृत के कार्य करने की क्षमता में शिथिलता आ जाती है। सिरोसिस अपने आप में घातक हो सकता है और यकृत कैंसर का कारण भी बन सकता है। शराब यकृत रोग में किस प्रकार हिस्सेदार? शराब के कारण होने वाले यकृत रोग को शराब संबंधित रोग या एएलडी कहा जाता है, जिसे पहले अल्कोहलिक लिवर डिसीज कहा जाता था। ज्यादा शराब पीने वाले, अक्सर शराब सेवन विकार (एयूडी) से पीड़ित लोगों में सिरोसिस और 'लिवर फेलियर' हो सकता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets

कब्ज से राहत
गैस से छुटकारा
एसिडिटी से आराम
पेट सफा... तो हर रोग दफा
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Clinically Tested*
गजब का फायदा
अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती।
20% EXTRA

बैरकपुर में पीएम मोदी का ममता सरकार पर हमला

# टीएमसी के राज में फल-फूल रहीं बम फैक्ट्रियां, अब शपथ ग्रहण में आऊंगा

*कोलकाता। पश्चिम बंगाल में आज दूसरे चरण के चुनाव प्रचार का आखिरी दिन बीजेपी ने प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बैरकपुर में भव्य रैली के दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा 'टीएमसी की एकमात्र रणनीति गाली-गलौज करना, धमकियां देना और झूठी बातें फैलाना ही दिखी देती है। टीएमसी के राज में बम फैक्ट्रिया फल-फूल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी नेताओं ने बंगाल की जनता को भी डराया-धमकाया है। हालांकि, पिछले 15 सालों में अपने कामों या उपलब्धियों का कोई भी ब्यौरा टीएमसी नेता ने नहीं दिया है।*

## टीएमसी के पास न विजन और न नीयत



पीएम मोदी ने बैरकपुर में कहा, 'टीएमसी के पास बंगाल के भविष्य के लिए कोई रोडमैप नहीं है। टीएमसी ने 15 साल का रिपोर्ट कार्ड नहीं बताया. उनके पास न विजन है और न कुछ करने की नीयत. टीएमसी के सिंडिकेट को हराना ही होगा। बंगाल ने दशकों तक पलायन की तकलीफ सही है। यहां रोजगार नहीं था इसलिए बच्चे बाहर कमाने चले गए और बुजुर्ग अकेले रह गए। हमारी प्राथमिकता बंगाल के युवाओं के लिए बंगाल में ही रोजगार होगी।

### चुनाव में मेरी आखिरी रैली, अब शपथ ग्रहण आऊंगा

*नॉर्थ 24 परगना जिले के बैरकपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बैरकपुर की धरती परिवर्तन की लहर को प्रशस्त कर रही है। मोदी ने कहा, 'यह इस चुनाव में मेरी आखिरी रैली है। मैं इस भरोसे के साथ वापस जा रहा हूं कि 4 मई को नतीजों के बाद मैं निश्चित रूप से बीजेपी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होऊंगा। इससे मेरा उत्साह और भी बढ़ गया है। मैं यहां हेलिपैड से आ रहा था। यह करीब दो किलोमीटर का रास्ता था। दोनों तरफ इतनी बड़ी भीड़ थी कि मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि इतनी सुबह हजारों लोग मुझे आशीर्वाद देने के लिए आए।*

### बंगाल में सात दिन अतिरिक्त रुकेंगे केंद्रीय सुरक्षाबल : शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न होने के बाद भी राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती कम से कम सात दिनों तक जारी रहेगी, चाहे भाजपा सत्ता में आए या नहीं। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोग बिना किसी डर और दबाव के मतदान करें। शाह ने भरोसा दिलाया कि केंद्रीय बल चुनाव प्रक्रिया के दौरान और उसके बाद भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौजूद रहेंगे।

### दीदी सड़कों पर नमाज पढ़वाती हैं, हिंदू त्योहारों पर पाबंदी : योगी



**कोलकाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हुगली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी सरकार पर तीखे आरोप लगाए। सीएम योगी ने कहा कि बंगाल अब बदलाव चाहता है और टीएमसी की राजनीति तुष्टिकरण पर आधारित है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में घुसपैठ को बढ़ावा दिया जा रहा है और कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो चुकी है। यहां जय श्री राम बोलने पर प्रतिबंध लगाया जाता है, मां दुर्गा पूजा और मां दुर्गा पूजा विसर्जन की मूर्ति विसर्जन के शोभा यात्रा को प्रतिबंधित किया जाता है। लेकिन ममता दीदी सड़कों पर नमाज पढ़वाती हैं और इफ्तारी की दावत कराती हैं। कोई भी हिंदू पर्व-त्योहार होने पर कर्फ्यू रहता है, सरेआम हत्या होती है, लव और लैंड जिहाद की घटनाएं घटित हो रही हैं, लेकिन टीएमसी मौन है। सीएम योगी ने अपने भाषण में कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद टीएमसी में घबराहट है और अब जनता बदलाव के मूड में है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव परिणामों के बाद बंगाल में बड़ा राजनीतिक बदलाव देखने को मिलेगा।

### भाजपा को खुली चेतावनी, 4 मई के बाद कोई नहीं बचाएगा : अभिषेक



पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में टीएमसी सांसद मिताली बाग पर हमले को लेकर टीएमसी के नेशनल जनरल सेक्रेटरी और सांसद अभिषेक बनर्जी ने हमलावरों को खुली चेतावनी दी और कहा कि 4 मई के बाद हर एक का हिसाब होगा। अभिषेक ने आगे कहा कि 4 मई के बाद चाहे टीएमसी अरामबाग जीते या हारे, वो खुद इस इलाके की जिम्मेदारी लेंगे। उन्होंने भाजपा नेताओं को सीधे ललकारते हुए कहा कि 4 मई को दोपहर 12 बजे के बाद देखेंगे कि किस बीजेपी नेता में हिम्मत है और दिल्ली से कौन सा भाजपा नेता उनके साथ खड़ा होगा। अभिषेक बनर्जी ने बहुत सख्त लहजे में कहा कि जिन लोगों ने मिताली पर हमला किया उन सबकी उनके पास पूरी जानकारी है। उन्होंने कहा कि सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे और एक एक हमलावर की पहचान की जाएगी।

### सांसद कल्याण बनर्जी ने अमित शाह के 'कपड़े उतारने' की दी धमकी



हुगली जिले के श्रीरामपुर के वर्तमान सांसद और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने कोन्ननगर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा कि यदि तृणमूल के एक भी कार्यकर्ता पर आंच आई, तो अमित शाह के शरीर पर कपड़े नहीं बचेंगे। सांसद यहीं नहीं रुके, उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को 'उल्टा लटकाने' की भी धमकी दी। शाह को 'जल्लाद' संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के लोग जानते हैं कि हिसाब कैसे चुकता किया जाता है।

### भाजपा वोटचोरी करती है टीएमसी अत्याचार करती है




पश्चिम बंगाल के साउथ 24-परगना में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा वाले वोटचोरी करते हैं। वोट चोरी की वजह से बिहार में चुनाव जीत पाए। उन्होंने कहा- मोदी कहते हैं उनकी छाती 56 इंच की है। पर अगर ऐसा है तो वे संसद में मुझसे डर कर क्यों भाग गए। नरेंद्र मोदी की सच्चाई एप्सटीन फाइल्स में बंद है और चाबी ट्रम्प के पास है। आज देश के प्रधानमंत्री 2 मिनट में अमेरिका के सामने हाथ जोड़ देते हैं। वे जब ट्रम्प से बात करते हैं तो उन्हें सर बुलाते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि ट्रम्प को पता चल गया कि मोदी भ्रष्टाचारी हैं। उन्होंने अडाणी के साथ मिलकर भ्रष्टाचार किया है। अडाणी की कंपनी का असली नाम मोदानी है।

### धर्मों और संस्कृतियों के बीच दुश्मनी पैदा कर देगी बीजेपी



टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बीजेपी पर बरसते हुए कहा कि अगर वह सरकार में आ गई तो समुदायों के बीच दुश्मनी पैदा कर देगी। नर्जी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा,/"बंगाल में विभिन्न समुदायों, संस्कृतियों और धर्मों के लोग शांति और खुशी से रहते हैं। हम धर्मों और संस्कृतियों के बीच भेदभाव नहीं करते हैं। सांप्रदायिक शांति और सद्भाव बनाए रखना हमारी लंबे समय से चली आ रही परंपरा है। भवानीपुर में विभिन्न समुदायों के लोग पीढ़ियों से रह रहे हैं और कभी कोई समस्या नहीं हुई। अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वे एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ खड़ा कर देंगे और हमारे सामाजिक ताने-बाने को नष्ट कर देंगे।

### '90 लाख वोट काटने का बदला लेगी बंगाल की जनता', केजरीवाल



आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को बंगाल चुनाव में ममता बनर्जी को समर्थन देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता राज्य में 90 लाख वोट काटे जाने का बदला भारतीय जनता पार्टी से लेगी। केजरीवाल ने मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया। कोलकाता में एक जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं ममता बनर्जी को इन चुनावों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। पश्चिम बंगाल की जनता जिस तरह इस तानाशाही के खिलाफ लड़ रही है, उसके लिए उन्हें बधाई। पिछले दो दिनों में जो माहौल मैंने देखा है, उससे लगता है कि 90 लाख वोट काटने का बदला जनता जरूर लेगी। उन्होंने कहा कि विभाजनकारी और विनाशकारी ताकतों के लिए यहां कोई जगह नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 4 मई को

## आसाराम के अहमदाबाद आश्रम पर बुलडोजर कार्रवाई पर रोक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में आसाराम के आश्रम की जमीन पर 4 मई तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। गुजरात सरकार इस 45 हजार वर्ग मीटर जमीन को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए वापस लेना चाहती है। आश्रम ट्रस्ट ने हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें अतिक्रमण और पट्टे के उल्लंघन के आधार पर जमीन खाली करने को कहा गया था।

सर्वोच्च अदालत ने पाया कि पहली नजर में ट्रस्ट को उचित नोटिस नहीं दिए गए थे। सर्वोच्च अदालत ने अगली सुनवाई तक किसी भी तोड़-फोड़ पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई अगले सोमवार 4 मई के लिए तय की है।



### जरूरी दस्तावेज 3 दिन में दाखिल करें

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सरकार को 3 दिन के भीतर सभी जरूरी दस्तावेज दाखिल करने के लिए कहा। साथ ही ट्रस्ट को भी 3 दिन का और समय दिया। सर्वोच्च अदालत ने पहली नजर में पाया कि आसाराम के ट्रस्ट को नोटिस नहीं भेजे गए थे। बेंच अदालत ने निर्देश दिया कि विवादित जमीन पर अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखी जाए।

### अमेरिका से आई डॉक्टर के एक करोड़ के आभूषण चोरी

**बेंगलुरु।** अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए अमेरिका से बेंगलुरु पहुंचीं एक महिला चिकित्सक के एक करोड़ रुपये के स्वर्ण निर्मित आभूषण एक 'मैरिज हॉल' से कथित तौर पर चोरी हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना 22 अप्रैल को ओल्ड मद्रास रोड स्थित एक मैरिज हॉल में हुई। पुलिस के अनुसार, अमेरिका में रहने वालीं चिकित्सक ने अपनी शिकायत में बताया कि वह 18 अप्रैल को भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए बेंगलुरु पहुंची थीं। चिकित्सक ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथ लगभग 725 ग्राम सोने के आभूषण लाई थीं, जिनकी कीमत एक करोड़ रुपये थी। शिकायत में बताया गया है कि उन्होंने कुछ आभूषण पहने और बाकी 'मैरिज हॉल' के एक बंद कमरे में रख दिए, लेकिन जब वह बाद में लौटीं तो उन्होंने पाया कि उनके कीमती आभूषण गायब थे।

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE
तिमाही रिटर्न मासिक भुगतान योजना
(क्यू.आर.एम.पी)
वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ₹ 5 करोड़ तक के सकल वार्षिक टर्नओवर वाले छोटे करदाताओं के लिए व्यापार सरल बनाने की दिशा में कदम

क्यू.आर.एम.पी योजना का लाभ उठाने के इच्छुक पात्र करदाता जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा इस योजना का विकल्प चुन सकते हैं:
करदाता इंटरफेस पर लॉग इन करें
Services>Returns>Opt-in for quarterly return पर जाएं
वर्तमान में क्यू.आर.एम.पी योजना का लाभ उठा रहे करदाताओं को योजना के लिए पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है
लाभ
तिमाही में सिर्फ एक बार जी.एस.टी. स्टेटमेंट/रिटर्न फॉर्म, जी.एस.टी.आर.-1 और फॉर्म जी.एस.टी.आर.-3बी में फाइल करें
योजना को अपनाना/छोड़ना सरल
फ्लेक्सिबल इनवॉयस दाखिल करने की सुविधा का लाभ उठाएं
हर तिमाही में एक बार ITC और कर का स्वयं-मूल्यांकन
तिमाही के पहले दो महीनों में फिक्स्ड सम विधि (पहले से भरा हुआ चालान) अथवा स्वयं मूल्यांकन विधि (ITC को सम्मिलित करके वास्तविक करदेयता) द्वारा मासिक कर का सरलतापूर्वक भुगतान करने की सुविधा

वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही से क्यू.आर.एम.पी योजना का विकल्प चुनने की अंतिम तिथि
30 अप्रैल, 2026
पात्र पंजीकृत व्यक्ति किसी तिमाही के लिए योजना का विकल्प, उसकी पिछली तिमाही के दूसरे महीने के पहले दिन से लेकर तिमाही के पहले महीने के अंतिम दिन तक चुन सकता है
अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिसूचना सं. 81 से 85/2020-केंद्रीय कर और परिपत्र सं. 143/13/2020-जीएसटी दिनांक 10.11.2020 को देखें
जीएसटी रिटर्न दाखिल करना: तीव्र, आसान और सरलीकृत
क्यू.आर.एम.पी योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया स्कैन करें
@cbicindia @cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @CBIC india
CBC 15502/13/0002/2627

# विशेष सत्र का प्रस्ताव तय होगा कैबिनेट में सीएम या संसदीय कार्यमंत्री करेंगे पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




महिला आरक्षण मामले में छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र 30 अप्रैल को होगा। इससे पहले 29 तारीख को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक होगी। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो कैबिनेट में सत्र में रखे जाने वाले प्रस्ताव पर चर्चा होगी। 30 तारीख को विधानसभा में मुख्यमंत्री या संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप चर्चा के लिए प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। अभी ये साफ नहीं है कि प्रस्ताव का स्वरूप क्या होगा। उधर कैबिनेट की बैठक के बाद विधानसभा से विशेष सत्र के लिए जारी होने वाली कार्यसूची सामने आने के बाद प्रस्ताव का स्वरूप साफ हो सकेगा। सत्र के मुद्दे पर गरमाई राजनीति के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि निंदा प्रस्ताव का कानून पर कोई बाध्यकारी प्रभाव नहीं होता है।30 अप्रैल को विधानसभा के विशेष सत्र का समय करीब आने के साथ ही प्रदेश की सियासत गरमा रही है। दूसरी ओर पड़ोसी मप्र में भी सोमवार को विधानसभा में विशेष सत्र बुलाया गया। यहां महिला आरक्षण को लेकर निंदा प्रस्ताव पर कोई बात सामने नहीं आई है। यहां एक मुख्यमंत्री ने एक शासकीय संकल्प पेश किया। जिसका विषय नारी शक्ति वंदन हेतु महिला के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण था।

## विशेष सत्र बुलाने की प्रक्रिया

पूर्व मंत्री ने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 174 राज्यपाल को विधानसभा सत्र बुलाने का अधिकार देता है। हालांकि व्यवहार में यह निर्णय मंत्रिपरिषद की सलाह पर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे तो किसी विशेष मुद्दे पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुला सकती है। आमतौर पर ऐसे सत्र महत्वपूर्ण विधायी कार्य, बजट पारित करने, विश्वासमत या आपात परिस्थितियों में बुलाए जाते हैं, लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विशेष सत्र बुलाए जा सकते हैं।

## निंदा प्रस्ताव प्रतीकात्मक

मो. अकबर ने कहा कि विधानसभा का उद्देश्य राज्य स्तर पर शासन चलाना और स्थानीय समस्याओं का समाधान करना है। उनके अनुसार, निंदा प्रस्ताव आमतौर पर नियमित सत्र में विपक्ष द्वारा सरकार की नीतियों या कार्यों की आलोचना के लिए लाया जाता है। उन्होंने दावा किया कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहली बार है, जब निंदा प्रस्ताव के लिए विशेष सत्र बुलाया जा रहा है। उनके मुताबिक, "विधानसभा द्वारा पारित निंदा प्रस्ताव पूरी तरह प्रतीकात्मक होता है। इसका किसी कानून पर कोई बाध्यकारी प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन यह एक राजनीतिक संदेश देने का माध्यम जरूर होता है।"

## इसे केवल राजनीतिक संदेश के रूप में देखना चाहिए-अकबर

छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित विशेष विधानसभा सत्र और निंदा प्रस्ताव को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर ने कहा है कि निंदा प्रस्ताव का किसी भी कानून पर कोई बाध्यकारी प्रभाव नहीं होता और इसे केवल एक राजनीतिक संदेश देने के रूप में देखा जाना चाहिए। श्री अकबर ने आरोप लगाया कि लोकसभा में 131वां संविधान संशोधन विधेयक पारित न हो पाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। श्री अकबर के अनुसार, महिला आरक्षण से जुड़ा कानून पहले ही वर्ष 2023 में "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के रूप में पारित हो चुका है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे की आड़ में विपक्षी दलों पर गलत आरोप लगा रही है। उनके मुताबिक, जब "मनमाने परिसीमन" की कोशिश सफल नहीं हुई तो गैर-भाजपा दलों पर विधेयक को रोकने का आरोप लगाया जा रहा है।

# 50 लाख रुपए कैश और कार लेकर भागने वाले ड्राइवर को पुलिस से बचाने का झांसा, बिरगांव पार्षद समेत 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



खम्हारडीह थाना क्षेत्र में अपने मालिक की कार तथा कैश 50 लाख रुपए लेकर भागने वाले ड्राइवर, उसकी बहन-जीजा समेत सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बिरगांव नगर निगम का पार्षद तथा दुर्ग के नंदनी का सरपंच भी शामिल है। ड्राइवर को पुलिस ने मुजगनहन थाना क्षेत्र के एक फार्म हाउस के पास से गिरफ्तार किया।

डीसीपी नार्थ जोन मयंक गुर्जर ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि कारोबारी अखिलेश की शिकायत पर उसके कार ड्राइवर कृष्णा साहू उसके जीजा भुनेश्वर साहू, बहन सविता साहू के अलावा बिरगांव पार्षद ओमप्रकाश साहू, दुर्ग नंदनी के सरपंच विष्णु प्रसाद पटेल, टीकम पटेल तथा कन्हैया राणा को गिरफ्तार किया है। रुपए पार करने के बाद कृष्णा ने अपने जीजा से संपर्क किया और उसे 35 लाख रुपए देते हुए कहा कि वह वापस आकर वह रुपए ले लेगा। भुनेश्वर को रुपए देने के बाद कृष्णा ने अपने परिचित सरपंच से संपर्क किया और उसे कुछ दिन अपने पास रहने के लिए जगह देने की मांग की।

## एक आटो चालक ने दूसरे का सिर फोड़ा

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर सवारी बैठाने को लेकर ऑटो चालकों के बीच खूनी संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा। एक ऐसी ही घटना में एक ऑटो चालक ने दूसरे ऑटो चालक के सिर पर बोतल से हमला कर सिर फोड़ दिया।

बताया जा रहा है, सवारी बैठाने को लेकर दोनों ऑटो चालकों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद एक ऑटो चालक ने दूसरे ऑटो चालक के साथ झगड़ा करते हुए सिर फोड़ दिया। माना पुलिस ने बोतल से हमला करने वाले ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। परमानंद धृतलहरे की शिकायत पर पुलिस ने जुबेर खान के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 503 निर्माण / 2026 दिनांक 22.04.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 04 कहरा मोहल्ला सामुदायिक भवन के पास शौचालय, किचन शेड व सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य (विधायक मद) (द्वितीय निविदा) | 10.00 | 08.05.2026 (T.No.189461) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् बांकीमोंगरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

e-mail: nagarpalikabankimongra@rediffmail.com Pin No- 495445

क्रमांक/716/निर्माण / न.पा.प./2026-27 बांकीमोंगरा, दिनांक: 27.04.2026

**:: द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना आमंत्रण ::**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से ऑनलाईन के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अंतिम तिथि | भौतिक दस्तावेज प्रस्तुति अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 189850 | नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 30 तक वार्डों में बोर खनन एवं सबमर्शिबल मोटर स्थापना कार्य। | 39.06 | 12.05.2026 (समय संध्या 5.30 बजे तक) | 15.05.2026 (समय संध्या 4.00 बजे तक) |
| 2 | 189864 | वार्ड क्र 10 कबीर आश्रम के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 10.00 | | |

उपरोक्त कार्य निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/UADTenderUploader/ से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद् बांकीमोंगरा
जिला - कोरबा (छ.ग.)

## MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR

**e-Procurement Tender Notice**

Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

NIT NO: 83/ZONE 07/2026 1st Call RAIPUR DATED : 27/04/2026

Online bids are invited for the following works up to 21/05/2026 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work / Description of work | Probable amount of contract (In lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 189797 | अधोसंरचना मद अंतर्गत कर्बला तालाब चौबे कालोनी रिटेनिंग वाल निर्माण। (शेष कार्य) | SOR-6290950 NON SOR-4751488 PAC- 11042438 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in 27/04/2026, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT Details and other documents.

Note:- 1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.

2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No.* 18004199140 or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*

DREAM CITY, CLEAN CITY, GREEN CITY

ZONE COMMISSIONER
ZONE 07
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKASPRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:

**1.NIT No: 06/SRCS/EEC-III/CE/NRANVP/2026-27, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 24.04.2026**

**Name of Work:" "Strengthening and Renewal Work of City & Sector Level Roads at Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)" (1st Call)**

| Period of completion inc. rainy season | Estimated Cost (INR) | EMD (INR) |
|---|---|---|
| 15 Months | 74.54 Crs | 44.80 Lakhs |

**2.NIT No: 07/ECWB/EEC-III/CE/NRANVP/2026-27, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated:24.04.2026**

**Name of Work:" Environmental Conservation of Various Water Body at, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.). (1st Call)**

| Period of completion inc. rainy season | Estimated Cost (INR) | EMD (INR) |
|---|---|---|
| 18 Months | 48.64 Crs | 29.20 Lakhs |

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 18.05.2026**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

S.- 47634

Chief Engineer
NRANVP

## OFFICE OF THE COMMISSIONER
### NAGAR PALIK NIGAM, CHIRMIRI
### Malviya Nagar, West Chirmiri, Distt.- M.C.B.(C.G.)

**E-procurement Tender Notice**

**Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

NIT. No. 358/Tech.-11/NPN Chirmiri/2026-27 Chirmiri, Dated-21/04/2026

Online bids are invited for followings works up to 14/05/2026

| S. No. | System Tender No. | Name of Work | Last Date for online bid Submission | Last Date for Physical Submission | Probable Amount of Contract (In Lakh) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 189444 | Construction of Gaurav Path From Janpad School Badi Bazar to Gurudwara Chowk Godripara, W.No. 20 (1st Call) | 14/05/2026 | 18/05/2026 | Rs 255.69 |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** from 22/04/2026 at 10:00 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

S.- 47635

Executive Engineer
Nagar Palika Nigam Chirmiri, District- M.C.B. (C.G.)

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)
### दूरभाष 0788-2210876

दुर्ग, दिनांक 21.04.2026

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 11.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 16/189483 | बोड़ला उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में विशेष मरम्मत के अंतर्गत बोक्करखार से कबरीपथर्रा मार्ग कि.मी.5/2 में 2.00 मीटर स्पान स्लेब कल्वर्ट एवं भोथी पहुंच मार्ग कि.मी. 1/6 में 2.00 मीटर स्पान स्लेब कर्व्वट का कार्य | 35.20 |
| 17/189484 | बोड़ला उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में विशेष मरम्मत के अंतर्गत कवर्धा भोरमदेव मार्ग कि.मी 10/6 में टोवॉल एवं बोल्डर पिचिगं एवं सरोधा भोरमदेव मार्ग 15/2 में टोवॉल एवं बोल्डर पिचिगं का कार्य | 27.50 |
| 18/189485 | बोड़ला उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में विशेष मरम्मत के अंतर्गत बोड़ला-तरेगाांव-दलदली मार्ग 36/4 टोवॉल एवं बोल्डर पिचिगं, बोड़ला-तरेगाांव-दलदली मार्ग 36/6 टोवॉल एवं बोल्डर पिचिग (पार्ट-1) एवं बोड़ला-तरेगाांव-दलदली मार्ग 36/6 टोवॉल एवं बोल्डर पिचिंग (पार्ट-2) का कार्य | 29.98 |
| 19/189486 | जिला कबीरधाम के सरस्वती शिशु मंदिर सुधा विहार भागुटोला से जेवड़न मार्ग लबाई 1.00 कि.मी निर्माण कार्य | 133.90 |
| 20/189487 | जिला राजनांदगांव विकासखण्ड डोंगरगांव के माटियाटोला सं करियाटोला मार्ग (ग्रामीण मार्ग 67) कि.मी. 2/2 से 3/6 (100) मीटर 1.50 कि.मी का मजबूतीकरण का कार्य | 46.54 |
| 21/189624 | जिला कबीरधाम के कवर्धा से रेंगाखार व्हाया नादाघाट रोड़ के कि.मी. 30/8 में 1X 2.00 मीटर स्लैब पुलिया निर्माण, कवर्धा से रेंगाखार व्हाया मादाघाट मार्ग के कि.मी. 30/6 में स्थित 2X 1200 एमएम डाया ह्यूम पाईप क्लर्वट का मरम्मत, कवर्धा से रेंगाखार व्हाया मादाघाट मार्ग लं. 38.20 कि.मी में 30/10 में अत्याधिक वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त भाग में टो-वाल बोल्डर पिचिंग एवं कवर्धा से रेंगाखार व्हाया मादाघाट रोड़ कि.मी में 34/8 में दायी ओर क्षतिग्रस्त रिटेंनिंगवाल में विशेष मरम्मत का कार्य | 67.25 |

टीप- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है ।

2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी. 262700386/3

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग

## छत्तीसगढ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

**सूचना**

क्रमांक 7936/ दो-14-1/2025 बिलासपुर, दिनांक 25/04/2026
Adv. No. 02/2025(Trans.)

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की स्थापना हेतु विज्ञापित ट्रांसलेटर (Translator) के पद हेतु व्यापम, रायपुर द्वारा दिनांक 14/12/2025 को प्रथम चरण की स्क्रीनिंग टेस्ट (Screening Test) आयोजित की गई थी।

उक्त स्क्रीनिंग टेस्ट (Screening Test) में अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों के मेरिट के आधार पर विज्ञापन की शर्तों के अनुसार 1:15 के अनुपात में कुल 846 अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण की परीक्षा हेतु पात्र पाया गया है।

उक्त पात्र कुल 846 अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम द्वितीय चरण की कौशल परीक्षा हेतु आहुत किया जाता है। कौशल परीक्षा में विज्ञापन की शर्तों के अनुसार अर्ह/योग्य पाये गये अभ्यर्थियों को ही लिखित परीक्षा हेतु आहुत किया जायेगा तथा इसके संबंध में पृथक से सूचना जारी किया जायेगा।

उक्त कौशल परीक्षा की तिथि / समय, परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र एवं परीक्षा के संबंध में अन्य जानकारी शीघ्र ही छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in पर अपलोड कर दिया जायेगा।

उक्त कौशल परीक्षा हेतु पात्र पाये अभ्यर्थियों की सूची / सूचना छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट https://highcourt.cg.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है।

जी. 262700398/2

(रजनीश श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रार जनरल

## CSPDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

**बिजली बंद की सूचना**

कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री. कं. लिमि कोरबा के अंतर्गत पोड़ीमार, जोन के समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि 33 के.व्ही. फीडरों में पूर्व मानसून रखरखाव कार्य किये जाने के कारण उनके समक्ष दर्शाये गये दिनांक एवं दिन अनुसार पोड़ीमार, जोन प्रात: 07:00 बजे से अपरान्ह 10:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।


| क्र. | दिनांक/ दिन | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र का नाम | 33/11 के.व्ही. फीडरों का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29/04/2026 बुधवार | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र 100 मेगा वाट प्लांट ईस्ट | 33 के.व्ही. रजगामार फीडर | ओजोन सेन्टर, आई.टी. कॉलेज, हिमांद्री कैमिकल्स एवं आसपास का क्षेत्र। |
| 2 | 30/04/2026 गुरुवार | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र 100 मेगा वाट प्लांट ईस्ट | 33 के.व्ही. बुधवारी फीडर | आई.टी.आई. फीडर, कॉलोनी फीडर। |
| 3 | 01/05/2026 शुक्रवार | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र 100 मेगा वाट प्लांट ईस्ट | 33 के.व्ही. न्यू बालको फीडर | एरीगेशन, हाऊसिंग बोर्ड एवं बालको सब-स्टेशन। |
| 4 | 02/05/2026 शनिवार | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र खरमोरा | 33 के.व्ही. मानिकपुर एंव इंडस्ट्रियल फीडर | एस.ई.सी.एल. माइंस, 100 बेड, ट्रामा सेन्टर एवं आसपास का क्षेत्र। |
| 5 | 03/05/2026 रविवार | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र 100 मेगा वाट प्लांट ईस्ट | 33 के.व्ही. फुटका पहाड़ | सी.डी.एफ कॉलोनी फीडर एवं कोसाबाड़ी फीडर। |
| 6 | 06/05/2026 बुधवार | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र 100 मेगा वाट प्लांट ईस्ट | 33 के.व्ही. रजगामार फीडर | ओजोन सेन्टर, आई.टी. कॉलेज, हिमांद्री कैमिकल्स एवं आसपास का क्षेत्र। |
| 7 | 07/05/2026 गुरुवार | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र खरमोरा | 33 के.व्ही. इंडस्ट्रियल फीडर | सर्वमंगला गैस, शिवा इन्डस्ट्री, आर.आर. फिरो एवं आसपास का क्षेत्र। |
| 8 | 08/05/2026 शुक्रवार | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र 100 मेगा वाट प्लांट ईस्ट | 33 के.व्ही. मानिकपुर फीडर | बी.एस.एन.एल. कार्यालय एवं आसपास का क्षेत्र। |
| 9 | 09/05/2026 शनिवार | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र 100 मेगा वाट प्लांट ईस्ट | 33 के.व्ही. नूय बालको फीडर | एरीगेशन, हाऊसिंग बोर्ड एवं बालको सब-स्टेशन। |
| 10 | 10/05/2026 रविवार | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र खरमोरा | 33 के.व्ही. मानिकपुर फीडर | एस.ई.सी.एल. माइंस। |
| 11 | 11/05/2026 सोमवार | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र 100 मेगा वाट प्लांट ईस्ट | 33 के.व्ही. इंडस्ट्रियल फीडर | सर्वमंगला गैस, शिवा इन्डस्ट्री, आर आर फिरो एवं आसपास का क्षेत्र। |

नोट:- 1. समयावधि में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।
2. सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।
*विद्युत की बचत ही विद्युत का उत्पादन है"*

संवाद- 47638

कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग
छ.स्टे.पॉ. डिस्ट्री.कं.लि., कोरबा


## शब्द पहेली - 6209



**बाएँ से दाए-**

1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

### शब्द पहेली -6208 का हल



## सूडोकु नवताल - 6219

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |


MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6218 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

## खबर संक्षेप





### एसबीआई कार्ड के लाभ में 14 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** एसबीआई कार्ड एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (एसबीआई कार्ड) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 609 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी ने 534 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। एसबीआई ने बयान में कहा कि कंपनी की कुल आय बढ़कर 5,187 करोड़ रुपये हो गई जो गत वर्ष की समान तिमाही में 4,832 करोड़ रुपये थी। हालांकि ब्याज आय घटकर 2,382 करोड़ रुपये रह गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,415 करोड़ रुपये थी।

### डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसा बढ़कर 94.15

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को एक पैसे की मामूली बढ़त के साथ 94.15 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वैश्विक अनिश्चितता, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच



निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के बावजूद रुपया बढ़त में रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपया ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपनी शुरुआती गिरावट की भरपाई की, लेकिन कुल मिलाकर रुझान नकारात्मक बना हुआ है क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने घरेलू मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया है।

### एनएसई ने आईजीएक्स में हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने नियामकीय मानदंडों का पालन करने के लिए इंडियन गैस एक्सचेंज (आईजीएक्स) में अपनी करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह हिस्सेदारी




बिक्री पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के नियमों के अनुरूप है जिनके अनुसार किसी एक इकाई की एक्सचेंज में हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती।

### टीसीएस का सीमेंस एनर्जी से एआई रणनीतिक साझेदारी

**नई दिल्ली।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने आईटी सेवाओं, डिजिटल और औद्योगिक एआई पहल, डेटा सेंटर और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में




संबंधों को मजबूत करने के लिए सीमेंस एनर्जी एजी और सीमेंस एनर्जी इंडिया के साथ प्रारंभिक समझौते किए हैं। एक बयान में कहा गया कि सीमेंस एनर्जी एजी के साथ साझेदारी का उद्देश्य कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित औद्योगिक परिवर्तन को तेज करना और टिकाऊ तथा लचीला डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार करना है।

### एको ने आईपीओ के लिए मर्चेंट बैंकर्स नियुक्त किए

**नई दिल्ली।** डिजिटल बीमा कंपनी एको ने शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की तैयारी शुरू कर दी है। घटनाक्रम से परिचित सूत्रों के अनुसार कंपनी ने आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, मॉर्गन स्टैनली और कोटक सिक्योरिटीज को 'बुक-रनिंग लीड मैनेजर' के रूप में चुना है।




सूत्रों ने बताया कि बेंगलुरु स्थित यह कंपनी अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए लगभग 2 से 2.5 अरब डॉलर (लगभग 16,000 से 20,000 करोड़ रुपये) के मूल्यांकन का लक्ष्य रख रही है।

# पंजाब नेशनल बैंक लाया ग्राहकों के लिए यूपीआई पर उधारी की सुविधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने करीब 18 करोड़ ग्राहकों के लिए डिजिटल पेमेंट को और आसान बनाने के लिए फिनटेक कंपनी किवी के साथ समझौता किया हैं। किवी को क्रेडिट-ऑन-यूपीआई प्लेटफॉर्म के तौर पर जाना जाता है।

इस पहल का मकसद ग्राहकों को यूपीआई के जरिए भी क्रेडिट सुविधा उपलब्ध कराना हैं। जिससे ग्राहकों के लिए पेमेंट का तरीका और ज्यादा सुविधाजनक बन सके। इसके तहत बैंक रुपी नेटवर्क पर पीएनबी किवी क्रेडिट कार्ड लांच करेगा। इसके जरिए ग्राहक बैंक बैलेंस न होने पर भी यूपीआई से भुगतान कर पाएंगे। पंजाब नेशनल बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर का कहना हैं कि, देश में डिजिटल पेमेंट तेजी से बढ़ रहे हैं। इसमें यूपीआई की अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक के पास पूरे देश में 10,000 से ज्यादा शाखाओं का मजबूत नेटवर्क है। जिनमें से करीब 60 प्रतिशत सेमी-अर्बन और ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। इस नेटवर्क के जरिए बैंक उन लोगों तक भी औपचारिक क्रेडिट सुविधा पहुंचाने की कोशिश कर रहा है, जो अब तक इससे दूर रहे हैं।

## क्रेडिट कार्ड अब आपके मोबाइल में!

### आसान इस्तेमाल साथ में कैशबैक

यह कार्ड पूरी तरह डिजिटल होगा और यूपीआई से आसानी से जुड़ जाएगा। जिससे पेमेंट करना काफी आसान हो जाएगा। इसके साथ ही ऑनलाइन ट्रांजैक्शन पर 0.5 से 1.5 प्रतिशत तक कैशबैक भी मिलेगा। यानी यूजर्स को सुविधा के साथ-साथ कैशबैक का भी लाभ मिलेगा।




### बिना फीस के डिजिटल कार्ड

यह कार्ड पूरी तरह डिजिटल तरीके से जारी होगा। यानी ग्राहक इसके लिए घर बैठे ऑनलाइन ही अप्लाई कर सकेंगे। आवेदन करने के लिए ज्यादा कागजी झंझट भी नहीं है। जिससे प्रक्रिया आसान और तेज हो जाएगी। सबसे खास बात यह है कि इस कार्ड पर न कोई जॉइनिंग फीस लगेगी और न ही कोई सालाना शुल्क। जिससे यह आम लोगों के लिए और ज्यादा सुविधाजनक बन जाता हैं।

### भारतीय कॉरपोरेट इतिहास की सबसे बड़ी डील्स में गिना जा रही

# सन फार्मा 11.75 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर ऑर्गेनॉन एंड कंपनी का करेगी अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय दवा उद्योग के इतिहास में रविवार एक बड़े ग्लोबल टर्निंग पॉइंट के रूप में दर्ज हो गया। देश की सबसे बड़ी फार्मा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने अमेरिकी दिग्गज ऑर्गेनन को खरीदने का ऐलान कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। करीब 11.75 बिलियन डॉलर यानी लगभग 98 हजार करोड़ रुपए की यह डील भारतीय कॉरपोरेट इतिहास की सबसे बड़ी और रणनीतिक डील्स में गिनी जा रही है। इस अधिग्रहण के साथ सन फार्मा अब केवल एक भारतीय कंपनी नहीं रही बल्कि एक ग्लोबल फार्मा सुपरपावर के रूप में उभरी है। इस सौदे के पीछे कंपनी के संस्थापक दिलीप सांघवी का विजन साफ दिखता है और यह भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत का भी संकेत देता है। वित्त वर्ष 2025 तक सन फार्मा का सालाना रेवेन्यू करीब 6.48 बिलियन डॉलर था, जबकि ऑर्गेनन का

- अमेरिकी दिग्गज ऑर्गेनन को खरीदने का ऐलान कर पूरी दुनिया को चौकाया

**खास बातें**

- यह पूरी डील करीब 98 हजार करोड़ रुपए की मानी जा रही
- सन फार्मा अब एक भारतीय नहीं एक ग्लोबल फार्मा सुपरपावर के रूप में उभरी




### विमेंस हेल्थ सेगमेंट में दबदबा

ऑर्गेनन की सबसे बड़ी ताकत महिलाओं के स्वास्थ्य और बायोसिमिलर्स में उसकी मजबूत पकड़ है। इस डील के बाद सन फार्मा 10 बिलियन डॉलर से बड़े विमेंस हेल्थ मार्केट में लीडर बन सकती है। फर्टिलिटी से लेकर गर्भनिरोधक दवाओं तक कंपनी की मौजूदगी अब और मजबूत होगी। ऑर्गेनन का नेटवर्क 140 से ज्यादा देशों में फैला हुआ है। इस अधिग्रहण से सन फार्मा को यूरोप और लैटिन अमेरिका जैसे बाजारों में मजबूत एंट्री मिल गई है। इससे कंपनी का ग्लोबल फुटप्रिंट 150 देशों तक पहुंच सकता है और यह किसी भी क्षेत्रीय आर्थिक झटके को झेलने में सक्षम बनेगी।

### बायोसिमिलर्स

बायोसिमिलर्स को आसान भाषा में समझें तो ये जटिल जैविक दवाओं (बायोलाजिक) की 'सटीक कॉपी' होते हैं। मसलन, एक महंगी ब्रांडेड घड़ी और उसके जैसी ही दिखने वाली और काम करने वाली दूसरी घड़ी। यह सामान्य जेनेरिक दवाओं की तरह केवल केमिकल मिक्सचर नहीं होते, बल्कि जीवित कोशिकाओं से बने होते हैं। इन्हें बनाना और रेगुलेट करना बेहद कठिन और खर्चीला काम है।

### खुशी के साथ थोड़ी चिंता भी: सांघवी

दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज के कार्यकारी चेयरमैन दिलीप सांघवी ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी कंपनी ऑर्गेनॉन का अधिग्रहण 'खुशी' के साथ 'हल्की चिंता' का भी क्षण है। बड़े आकार के इस सौदे को वित्तपोषित करने के लिए कर्ज लेना होगा, जिसकी वजह से थोड़ी चिंता होना स्वाभाविक है, लेकिन कंपनी जोखिम लेने से पीछे हटने वाली नहीं है। उन्होंने कहा, हम कर्ज लेने से बचने वाली कंपनी जरूर हैं, लेकिन जोखिम से बचने वाली नहीं। ऐसे अवसर सामान्य परिस्थितियों में आसानी से नहीं मिलते।



### ग्लोबल रैंकिंग में बड़ी छलांग

करीब 13 बिलियन डॉलर के कंबाइंड रेवेन्यू के साथ सन फार्मा अब दुनिया की टॉप 12 से 15 फार्मा कंपनियों में शामिल हो सकती है। यह कंपनी को तेवा फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज और वियाट्रिस जैसे दिग्गजों के बराबर ला खड़ा करता है। साथ ही अब इसे फाइजर और नोवार्टिस की लीग में गिना जा रहा है।

## मैसूरदीप परफ्यूमरी हाउस के ब्रांड पंचदीप से मिलती जुलती ब्रांड की अगरबत्ती बेचने वाले पर कार्रवाई



**इंदौर।** मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस के ब्रांड पंच दीप से मिलती जुलती ब्रांड की अगरबत्ती बेचने वाले छत्तीसगढ़ के तीन उत्पादकों पर कानूनी कार्रवाई की गई है। उनसे बड़ी मात्रा में अगरबत्तियों और पैकेजिंग सहित अन्य सामग्री से मिलते जुलते ब्रांड के उपयोग पर रोक लगाई गई है।

मैसूरदीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) ने छत्तीसगढ़ के तीन स्थानों से नकली अगरबत्तियों और पैकेजिंग आदि जब्त की है। यह उत्पाद मैसूरदीप ब्रांड के उत्पाद पंचदीप अगरबत्ती की पैकेजिंग की कॉपी कर पंचमदीप के नाम से बाजार में बेचे जा रहे थे। मिलते जुलते उत्पाद के तीन निर्माता लवली फ्रेगरेंस, अंबिकापुर, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़ के उत्पाद पंचमदीप, श्री अप्पाजी परफ्यूमरी हाउस अंबिकापुर, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़, के उत्पाद गुटन पंचमदीप तथा भागचंद भवनदास, रायपुर, छत्तीसगढ़ के उत्पाद पंचमदीप पर कानूनी कार्रवाई की गई है। इस नाम से निर्मित किए और बेचे जा रहे अगरबत्ती के चिन्ह/लेबल/ट्रेड ड्रेस/पैकेजिंग के उपयोग पर जिला न्यायालय नई दिल्ली द्वारा तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। भविष्य में कोई यदि एमडीपीएच ब्रांड के चिन्ह/लेबल/ट्रेड ड्रेस/पैकेजिंग आदि का उपयोग करते और भ्रामक उत्पाद बनाते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय कंपनियों के विदेशों में किए गए अधिग्रहण में सन फार्मा शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड का अमेरिका स्थित ऑर्गेनॉन एंड कंपनी के 11.75 अरब अमेरिकी डॉलर के उद्यम मूल्य पर प्रस्तावित अधिग्रहण किसी भारतीय कंपनी का दवा क्षेत्र में किया गया अब तक का सबसे बड़ा विदेशी अधिग्रहण है।

यह सौदा टाटा स्टील द्वारा कोरस ग्रुप पीएलसी के अधिग्रहण के बाद किसी भारतीय कंपनी का दूसरा सबसे बड़ा विदेशी सौदा भी है। भारतीय कंपनियों द्वारा अभी तक किए गए कुछ प्रमुख विदेशी अधिग्रहण इस प्रकार हैं:- टाटा स्टील ने 2007 में एंग्लो-डच इस्पात विनिर्माता कोरस ग्रुप पीएलसी का 12 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया। यह किसी भी भारतीय कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा विदेशी अधिग्रहण था। नकद मूल्य पर हुए इस सौदे से 2.7 करोड़ टन कच्चे इस्पात क्षमता और लगभग 84,000 कर्मचारियों वाली इकाई बनी जो उस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी थी। भारती एयरटेल ने कुवैत की जेन टेलीकॉम के अफ्रीकी कारोबार का 10.7 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया। यह भारतीय कंपनी द्वारा किया गया सबसे बड़ा दूरसंचार अधिग्रहण था जिससे कंपनी की मौजूदगी 15 अफ्रीकी देशों में हो गई। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने 2007 में नोवेलिस का छह अरब डॉलर में अधिग्रहण किया जिसमें लगभग 2.4 अरब डॉलर का कर्ज भी शामिल था। इस समझौते के तहत नोवेलिस के शेयरधारकों को प्रति शेयर 44.93 डॉलर नकद दिए गए।

- सन फार्मा का दवा क्षेत्र में किया गया अब तक का सबसे बड़ा अधिग्रहण



### टाटा मोटर्स की इटली की इवेको में हिस्सेदारी

टाटा मोटर्स ने 2025 में इटली स्थित इवेको ग्रुप के वाणिज्यिक वाहन कारोबार (रक्षा को छोड़कर) को 3.8 अरब यूरो (लगभग 4.5 अरब डॉलर) में खरीदने पर सहमति जताई। यह भारतीय वाहन विनिर्माता का सबसे बड़ा अधिग्रहण है।

## मोबिक्विक को आरबीआई से मिला एनबीएफसी का लाइसेंस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स ने सोमवार को कहा कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) का लाइसेंस मिल गया है। कंपनी ने बताया कि इस लाइसेंस के तहत वह अपने पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाई मोबीक्विक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एमएफएसपीएल) के जरिए कर्ज देने का नया कारोबार शुरू करेगी। इससे कंपनी को विनियमित ऋण सेवाओं का विस्तार करने, नए क्रेडिट उत्पाद विकसित करने और अधिक उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। कंपनी की कार्यकारी निदेशक, सह-संस्थापक और मुख्य वित्तीय अधिकारी उपासना टाकू ने कहा, एनबीएफसी लाइसेंस की मंजूरी मोबक्विक समूह के एक बड़े वित्तीय सेवा मंच के रूप में विकसित होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।




## शेयर बाजार में 3 दिन बाद तेजी लौटी, सेंसेक्स 639 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक संकेतों में सुधार और प्रमुख कंपनियों में खरीदारी के चलते घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन की गिरावट के बाद सोमवार को तेजी लौटी। सेंसेक्स 639 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 195 अंकों की बढ़त दर्ज की गई। विश्लेषकों के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और सन फार्मा के शेयरों में जोरदार लिवाली आने से मानक सूचकांकों में उछाल देखा गया। इसके अलावा ईरान और अमेरिका के बीच तनाव घटने के संकेतों ने भी धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 639.42 अंक उछलकर 77,303.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 755.83 अंक तक चढ़कर 77,420.04 के स्तर तक पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 194.75 अंक यानी 0.81 प्रतिशत बढ़कर 24,092.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर करीब सात प्रतिशत तक उछल गया। सन फार्मा द्वारा अमेरिकी कंपनी ऑर्गेनॉन के अधिग्रहण के लिए 11.75 अरब डॉलर के सौदे की घोषणा के बाद इसमें तेज खरीदारी देखी गई। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में भी 2.88 प्रतिशत की तेजी आई।

- सन फार्मा और रिलायंस के शेयरों में जोरदार तेजी



### सभी क्षेत्रवार सूचकांक में रही बढ़त

बाजार में चौतरफा तेजी के बीच सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। इसकी अगुवाई जन केंद्रित सेवाओं ने 2.50 प्रतिशत तेजी के साथ की जबकि स्वास्थ्य देखभाल खंड में 2.43 प्रतिशत और फोकस आईटी खंड में 2.41 प्रतिशत की बढ़त रही।

### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहा। यूरोपीय बाजारों में भी दोपहर कारोबार में सकारात्मक रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

## निप्पॉन लाइफ का लाभ 29 फीसदी बढ़कर 385 करोड़

**नई दिल्ली।** निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 384.48 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 298.32 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। निप्पॉन लाइफ इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 705.20 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 589.58 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2025-26 की पूरी अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 1,529.38 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे एक साल पहले 1,286.39 करोड़ रुपये था।




## चांदी 3,500 रुपए चढ़ी सोना 200 रुपए तेज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतों में 3,500 रुपये की तेजी आई और यह 2.50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई जबकि जौहरियों एवं खुदरा विक्रेताओं की ताजा लिवाली के कारण सोने की कीमतें भी बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 200 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोमवार को सोने का कारोबार स्थिर रहा; बाज़ारों में मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच कीमतें पिछले सत्र की सीमा के भीतर ही बनी रहीं।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका-ईरान संबंधों को लेकर अनिश्चितता के कारण बाजार का रुख सतर्क बना रहा। कूटनीतिक प्रयासों में सीमित प्रगति और नई बातचीत के लिए कोई स्पष्ट समय-सीमा न होने के कारण, जिंसों और वित्तीय बाज़ारों में भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में, हाजिर सोना और चांदी दोनों ही मामूली गिरावट के साथ क्रमशः 4,704 डॉलर और 75.60 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहे थे। मिराए एसेट शेयरखान में प्रमुख (जिंस) प्रवीण सिंह ने कहा, ''अमेरिका-ईरान बातचीत रुकने के कारण हाजिर सोने की कीमतों में गिरावट आई, जिससे तेल की कीमतें बढ़ गईं।

- चांदी बढ़कर 2.50 लाख रुपए प्रति किलो ग्राम



### जोखिम लेने की क्षमता में सुधार

ऐसा उन रिपोर्टों के बीच हुआ जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक नया प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव में परमाणु वार्ता को स्थगित करने का सुझाव भी शामिल है। शांति वार्ता को लेकर आशावाद बढ़ने और जोखिम लेने की क्षमता में सुधार होने के कारण अमेरिकी डॉलर सूचकांक में थोड़ी कमज़ोरी देखने को मिली।

### इस खरीफ सत्र में 64 लाख टन यूरिया आयात करने की योजना

# भारत खरीफ सत्र में यूरिया, अन्य उर्वरक करेगा आयात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को कहा कि इस खरीफ सत्र में 64 लाख टन यूरिया और 19 लाख टन अन्य उर्वरक आयात करने की योजना बनायी जा रही है। यह खरीद योजना ऐसे समय बनायी जा रही है जब पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों के प्रभाव पर अंतर-मंत्रालयी सम्मेलन में उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने कहा कि यूरिया और डाई अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की खुदरा कीमतें अपरिवर्तित रहेंगी और खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है। शर्मा ने कहा, "यूरिया और डीएपी जैसे उर्वरकों का एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) वही रहेगा। इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।" यूरिया अभी भी 266.50 रुपये प्रति 45 किलोग्राम के बैग और डीएपी 1,350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम के बैग के हिसाब से बेचा जा रहा है। नियोजित आयात में से, संकट शुरू होने के बाद से 9.4 लाख टन यूरिया पहले ही प्राप्त हो चुका है।

- सरकार 19 लाख टन अन्य उर्वरक आयात करने की योजना बना रही



### घरेलू यूरिया उत्पादन 35.4 लाख टन पहुंचा

संकट के बाद घरेलू यूरिया उत्पादन 35.4 लाख टन तक पहुंच गया है। सरकार ने खरीफ सत्र के दौरान पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 19 लाख टन गैर-यूरिया उर्वरकों के आयात के लिए एक वैश्विक निविदा भी जारी की है। इसमें 12 लाख टन डीएपी, 4 लाख टन ट्रिपल सुपरफॉस्फेट (टीएसपी) और 3 लाख टन अमोनियम सल्फेट शामिल है। यूरिया और गैर-यूरिया उर्वरकों के और आयात का फैसला घरेलू उत्पादन और मांग का आकलन करने के बाद किया जाएगा। एक अप्रैल से 26 अप्रैल की अवधि के लिए, यूरिया की उपलब्धता 18.17 लाख टन की जरूरत के मुकाबले 71.58 लाख टन रही।

### अधिकांश आयात होर्मुज के बाहर से

फरवरी में एक वैश्विक निविदा के माध्यम से 13.07 लाख टन और सुरक्षित किया गया था, जबकि 25 लाख टन और उर्वरकों के लिए निविदा जारी की गई है और इसके मई में आने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा, अधिकांश आयात होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर से हो रहे हैं। हमें पूरा भरोसा है कि हमें समय पर आपूर्ति मिल जाएगी।

### गैस की डिलीवरी बाधित होने से उत्पादन प्रभावित

घरेलू उत्पादन के बारे में शर्मा ने कहा कि मार्च में गैस की डिलीवरी बाधित होने के कारण उत्पादन पर असर पड़ा था, जिससे संयंत्र का उपयोग 60-65 प्रतिशत तक घट गया था। उन्होंने कहा, अब हमने ज्यादा कीमत पर भी गैस आयात करने के उपाय किए हैं। यूरिया इकाइयों के लिए गैस की उपलब्धता, जो पहले 60-65 प्रतिशत थी, अब 97 प्रतिशत हो गई है। इसलिए उसके बाद हमारा यूरिया उत्पादन बहुत अच्छा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पांच सालों में....

तुलसी नेवरा गांव की भी है, जहां टंकी निर्माण कार्य 5 साल में 80 प्रतिशत पूर्ण कर लिया है, लेकिन 20 प्रतिशत कार्य के लिए फंड का आबंटन ही नहीं किया है। यानी पानी की सुविधा को अब तक ग्रहण लगा हुआ है। इधर पीएचई विभाग व जिला पंचायत छपोरा, तुलसी सहित अन्य ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना के कार्य क्यों रुके हुए हैं, इसकी जानकारी देने से बच रहे हैं। सीईओ का कहना है कि इस मामले में पीएचई अधिकारी ही जानकारी दे पाएंगे, वहीं पीएचई अधिकारी कुछ भी जानकारी देने से बच रहे है। इधर इस मामले में कलेक्टर से संपर्क किया, तो उन्होंने भी यह कह दिया कि पीएचई अधिकारी से संपर्क करें। **पानी मिलने का 5 साल से कर रहे इंतजार–** ग्राम छपौरा आरंग में भी पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने से इस गांव में पानी की समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी में भूजल का स्तर नीचे जाने से कई इलाकों में पानी की समस्या ज्यादा गंभीर है। इन इलाकों में रहने वाले लोग जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण पूर्ण होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उनके घरों में लगे नल कनेक्शन के माध्यम से पानी मिल सके।

### सामान्य सभा में...

राशि आबंटन नहीं होने के कारण निर्माण एजेंसी ने रोक दिया है। राशि का आबंटन होने पर कार्य पूर्ण किया जाएगा।

### भारतमाला घोटाले में...

छापे की कार्रवाई कर चुकी है। वर्तमान में रोशन चंद्राकर जमानत पर हैं। भारतमाला जमीन अधिग्रहण मुआवाजा घोटाला में ईडी की एक माह में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इसके पूर्व 17 मार्च को ईडी ने घोटाले के मास्टर माइंड हरमीत सिंह खनूजा तथा उससे जुड़े अन्य लोगों पर कार्रवाई की थी। खनूजा पर 27 करोड़ बेजा लाभ हासिल करने का आरोप है। ईडी ने उसकी 23 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की थी।

### यह है भारतमाला...

रही है। इस आधार पर अब ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से अपनी जांच तेज कर दी है। राज्य की जांच एजेंसी ने घोटाला में शामिल अब तक एक दर्जन आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

### बेमेतरा में 5 मई...

में हुए विकास कार्यों के साथ ही जिले की समस्याओं तथा क्षेत्र की जनता से जुड़े मुद्दों पर सीधे सवाल जवाब होते हैं। कार्यक्रम की विशेषता ये है कि न केवल सत्तापक्ष अपितु विपक्ष के तमाम जनप्रतिनिधियों से भी मंच के माध्यम से सीधे सवाल जवाब किए जाते हैं। जनप्रतिनिधियों के अलावा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से भी जनता को रूबरू कराया जाता है तथा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत, डीएफओ जैसे अधिकारी मंच के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी साझा करते हैं। बस्तर के नारायणपुर, दंतेवाड़ा जैसे सुदूर जिलों से लेकर प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित बलरामपुर जिले तक जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। कार्यक्रम के संचालक आईएनएच – हरिभूमि के प्रधान संपादक डा हिमांशु द्विवेदी की संकल्पना के अनुरूप जिला संवाद का आयोजन प्रदेश के प्रत्येक जिले में किया जाना है।

### डीएमएफ में 18...

(जिला खनिज न्यास) का गठन किया। इस न्यास में हर साल करोड़ों रुपए की राशि जिलों को प्राप्त होती है। यह राशि खनिज प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर खर्च की जाती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में डीएमएफ फंड के तहत कराए गए कार्यों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतें भी सामने आईं हैं। इनमें से कई शिकायतों की एजेंसियों द्वारा जांच भी की जा रही है। कई अधिकारियों और दूसरे लोगों को इन मामलों को जेल भी भेजा जा चुका है।

### होर्मुज खोलने को...

चाहते हैं, ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य सहित एक समग्र समझौते के तहत युद्धविराम को स्थायी रूप दिया जा सके। ट्रंप ने रविवार को न्यूज चैनल से कहा, हमारे पास सभी विकल्प मौजूद हैं। अगर वह बात करना चाहते हैं, तो हमारे पास आ सकते हैं, या हमें बुला सकते हैं।

### अनियंत्रित होकर पलटी...

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे बारातियों को मुश्किल से बाहर निकाला। एक-एक कर सभी को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा गया। वृद्ध और बच्चे को उपचार के लिए रायपुर स्थित एम्स उपचार के लिए रेफर किया गया है। बचे घायलों को जिला अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। हादसे के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया था।

### पुष्पा स्टाइल में...

फैल गई। अतरमरा पंचायत के बड़े पुलिया के नीचे पानी में बहते 17 पैकेट से करीब 73 किलो गांजा छोटे-छोटे पैकेट में जिसकी क़ीमत 15 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। इस तरह खुलेआम पुल के नीचे नशे की खेप मिलना क्षेत्र में पहली बार देखा गया जिससे लोगों में भय और कौतूहल का माहौल बन गया है।

### अतरमरा क्षेत्र पहले...

मार्ग या आसपास के अंदरूनी गांवों से होते हुए यहां तक पहुंची हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतरमरा क्षेत्र पहले भी अवैध गांजा कारोबार को लेकर चर्चा में रहा है। ऐसे में इस बरामदगी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं क्या यह किसी बड़े नेटवर्क का हिस्सा है। क्या तस्कर अब पानी के रास्ते सप्लाई का नया तरीका अपना रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

### पूर्व सीएम भूपेश...

हुई थी, जिसमें फेक और एआई को लेकर बवाल तथा एसपी को अल्टीमेटम देने की बात सामने आई थी, इसी आधार पर महिला आयोग ने पूरे मामले को गंभीर मानते हुए स्वतः संज्ञान में लिया है। **साइबर सेल को जांच ,वीडियो के सोर्स की तलाश**–महिला एवं साइबर सेल को पत्र लिखकर वीडियो की तकनीकी जांच के निर्देश महिला आयोग ने दिए हैं। इसमें वीडियो के मूल स्रोत का पता लगाने और इसे वायरल करने वाले लोगों या गिरोह की पहचान करने पर जोर दिया गया है। **एसपी को एफआईआर के निर्देश**–छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने दुर्ग जिले के पुलिस अधीक्षक को तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि डिजिटल अपराध करने वालों के लिए यह एक उदाहरण बने। **7 दिनों में मांगी रिपोर्ट**–महिला आयोग ने पुलिस और साइबर सेल को 7 दिनों के भीतर पूरी जांच रिपोर्ट पेश करने का अल्टीमेटम दिया है।

### सुना था वक्त...

हमने संयंत्र का संचालन और रखरखाव उन्हें सौंपा था। फिर भी यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। उन्होंने इसकी तुलना वाहन मालिक के भरोसेमंद चालक को गाड़ी सौंपने से करते हुए कहा कि कभी-कभी सभी सावधानियों के बावजूद हादसे हो जाते हैं। चेयरमैन ने कहा, वेदांता में हर अनुबंध में सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यही प्रतिबद्धता एनटीपीसी और जीई की भी रही है। इसके बावजूद जब ऐसी त्रासदी होती है तो यह बेहद दुखद है।

### सोशल मीडिया पर...

को सिंघीतराई पावर प्लांट में हुए अफसोसजनक हादसे ने, मुझसे 25 बेशकीमती साथी छीन लिए। मैं ऐसी असामयिक मृत्यु का दर्द भली भांति जानता हूं। दोनों ही हादसे, इतने अननेचुरल से, पीड़ा से भरे लगते हैं, जिसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता।

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यूं जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
एक बार उपयोग कर देखें
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है-फील्ड कार्य हेतु मैनेजर, पेमेंट रिकवरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बिजी, जीएसटी, अकाउंट कोटेशन के अनुभव वाले लड़कों/ लड़कियों एवं मिस्त्री मैकेनिक चाहिए सम्पर्क करें-गोडपारा गुरुद्वारा के बाजू में 96692 11111, 9827175811 (40675)

आवश्यकता है-मेडिकल स्टोर में कार्य करने के लिए लड़को की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- जानकी मेडिकल भाजपा कार्यालय के पास करबला रोड बिलासपुर 9098685395 (40700)

आवश्यकता है-होलसेल+ रिटेल कपड़ा दुकान में 2पद सेल्समैन लड़का, लड़की एवं दुकान कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। पता- हीरा ट्रेडिंग कम्पनी श्रीराम क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 9827112950, 8319617107 (40691)

आवश्यकता है-घरेलू कार्य करने हेतु महिला कर्मचारी की आवश्यकता है। वेतन 5000 स्थान- शास्त्री नगर सरकण्डा बिलासपुर सम्पर्क करें- 9907999760, 78282 54448 (40690)

आवश्यकता है-फर्निशिंग शोरूम में कार्य करने हेतु 111 लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार शोरूम में सम्पर्क करें-राजा ब्रदर्स, साइंस कॉलेज के पास सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर 9399525343, 9179990715 (40697)

आवश्यकता है-दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मुरारका एजेन्सी काली मन्दिर के सामने तेलीपारा बिलासपुर 9425540768 (40698)

आवश्यकता है-उद्योगिक क्षेत्र रायपुर दुर्ग, बिलासपुर एवं रायगढ़ के लिए सुरक्षा कर्मचारी की आवश्यकता है। 1. सुरक्षा गार्ड 2. सुरक्षा सुपरवाइजर 3. एरिया मार्केटिंग ऑफिसर 4. एरिया रिक्रूटमेंट ऑफिसर वेतन योग्यता अनुसार एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क- BISS सिक्यूरिटी- 2 बिज़नस सेन्टर, भनपुरी रायपुर 911140 0666 (07)

**निर्माण ठेकेदार की आवश्यकता है**
अनुभवी निर्माण ठेकेदारों की आवश्यकता है, जो कुशल और अकुशल लेबर (जैसे- कारपेंटर, बार बेंडर, हेल्पर और रिगर) उपलब्ध करा सकें।
न्यूनतम आवश्यकता- 15 लेबर
इच्छुक ठेकेदार सम्पर्क करें
8319071268
9981826868

आवश्यकता है-अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है जो सभी प्रकार की कार चलाने में सक्षम हो (Manual/ Automatic) शाकाहारी को प्राथमिकता मासिक पेमेन्ट योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9301922223 (40693)

आवश्यकता है-मोबाइल शोरूम में एक साफ सफाई कर्मी, एक एसेसरीज मेंटेनेंस इंचार्ज, एक इंजीनियर, एक गार्ड एवं एक रिसेप्शनिस्ट युवक/ युवती चाहिए सम्पर्क करें- गुप्ता मोबाइल्स मेन रोड, जूना बिलासपुर 86023 90000 (40677)

आवश्यकता है-कैफे में कार्य हेतु फ्रेशर युवक/युवती चाहिए सैलरी योग्यतानुसार 6000 से 8000 सम्पर्क करें- 12बजे के बाद, ब्रूबेरी कैफे, एम्बियंस बिजनेस पार्क, CMD कॉलेज के सामने बिलासपुर 79879 26453, 9131256249, 07752 490692 (40695)

आवश्यकता है-खाना बनाने हेतु लड़की/ महिला की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सुबह 9बजे से 11बजे तक। डॉ. ईशा अग्रवाल, नेहरु नगर, प्रकृति लूथरा नर्सिंग होम के पीछे, बिलासपुर 78699 11052 (40694)

आवश्यकता है-रायपुर हेतु सुरक्षा गार्ड 45, सुपरवाइजर 15, फील्ड अधिकारी 5, वेतन 13000 से योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय-6, जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 77470 00019 (005)

आवश्यकता है-शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके सोनभद्र उत्तर प्रदेश ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 9000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 6265407475, 9303374409 (402)

आवश्यकता है-सामान लोडिंग एवं अन लोडिंग करने हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- श्री राम टावर्स के पास, व्यापार विहार, बिलासपुर 87094 38746 (40696)

आवश्यकता है-Solar Company में कार्य हेतु प्रबंधक, फील्ड ऑफिसर, हेल्फर, टेक्नीशियन, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 25000+ पेट्रोल+ भत्ता+ मोबाइल+ PF सम्पर्क करें- नारायण प्लाजा, अग्रसेन चौक, बिलासपुर 62692 22002, 9755990933 (1493)

आवश्यकता है-एलआईसी में केवल महिलाओं के लिये पार्ट टाइम/ फुल टाइम बीमा सखी की भर्ती योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, 7000 प्रतिमाह छात्रवृत्ति, असीमित कमीशन आय सम्पर्क- आशीष अग्रवाल (विकास अधिकारी) 98939 61300 (40685)

आवश्यकता है-Shyam Enterprises में काम करने के लिए लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। समय- सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक वेतन- काम के अनुसार दिया जाएगा। सम्पर्क करें- 92382 16900 (40689)

आवश्यकता है-घरेलू कार्य करने के लिए लड़की की आवश्यकता है। पता- रामा वर्ड न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर सम्पर्क करें- 9967299365 (40686)

आवश्यकता है-सिलपहरी स्थित कोल्ड स्टोर में अनुभवी एकाउंटेंट कार्य का जानकार युवक एवं पिकअप, कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए रहने की सुविधा उपलब्ध है आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- 9827115208 (40676)

आवश्यकता है-डिस्कवरी पब्लिक स्कूल, सिरगिट्टी के लिए 2+ वर्ष अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। वेतन- 10000 से 15000 तक सम्पर्क करें- 9669 211655 (40664)

आवश्यकता है-सीए फर्म में कार्य करने हेतु अनुभवी अकाउंटेंट की आवश्यकता है (GST, Tally, IT रिटर्न का अनुभव अनिवार्य) सम्पर्क करें- 9907417917, 98271 02882 (523)

आवश्यकता है-कार वॉशिंग गैराज में कार्य करने हेतु हेल्पर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी अनुभव के अनुसार। सम्पर्क करें-माँ शारदा कार केयर, संजीवनी हॉस्पिटल के पास, स्मार्ट रोड, बिलासपुर 7879094455 (40672)

आवश्यकता है-फैक्ट्री में लोडिंग, अनलोडिंग हेतु हमाल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री शारदा इण्डस्ट्रीज, इण्डस्ट्रीयल एरिया, तिफरा बिलासपुर 7869919759 (40678)

आवश्यकता है-ज्वेलरी शॉप में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है सम्पर्क करे- छेदी लाल मोती लाल ज्वैलर्स सदर बाजार बिलासपुर 9827181112 (40665)

आवश्यकता है-ग्राफिक डिजाईनर (अनुभवी डिजाईनर को प्राथमिकता) एकाउण्टेन्ट (अनुभवी टेली ऑपरेटर को प्राथमिकता) वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-मॉडर्न ग्राफिक्स सत्यम चौक इमलीपारा रोड बिलासपुर 7987779883, 62646 45649 (40681)

आवश्यकता है-सर्जिकल ऑफिस में सामान छोड़ने, लाने हेतु लड़को (योग्यता 10वी, 12वी, स्वयं की बाइक अनिवार्य) एवं ड्राईवर की आवश्यकता है संपर्क करें- श्री विनायक सेल्स ए/158, अज्ञेय नगर बिलासपुर 9893367787 (40670)

आवश्यकता है-बजाज टू व्हीलर ऑटो पार्ट्स शोरूम में टेली एकाउंटिंग हेतु लड़की की आवश्यकता है फ्रैशर/ अनुभवी दोनों को प्राथमिकता सम्पर्क करें- अंकुर ऑटोमोबाइल, FCI चौक व्यापार विहार बिलासपुर 8109485816, 9993800649 (40660)

आवश्यकता है-माल लोडिंग एवं अनलोडिंग करने के लिए मेहनती लड़कों की आवश्यकता है वेतन 9000 सम्पर्क करें- बिलासपुर 8982299622 (40669)

आवश्यकता है-(1)दिनभर घरेलू कार्य करने हेतु एक लड़का, एक लड़की (2) कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर (3) शाकाहारी खाना बनाने हेतु कुक(4)ओटी हेतु पैरामेडिकल स्टाफ चाहिए सम्पर्क- 70671 24226 (40673)

आवश्यकता है-साउथ इंडियन कैफे में अनुभवी कुकिंग शैफ, सर्विंग स्टाफ, हाउस कीपिंग वर्क, बिलिंग करने हेतु चाहिए बॉयोडाटा सहित सम्पर्क- चरण स्पर्श शू मॉल रघुराज सिंह स्टेडिम के सामने बिलासपुर 81095 20393 (525)

आवश्यकता है-बिलासा फाइनेंशियल सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में कार्य करने हेतु सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है योग्यता 12वीं, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीराम टॉवर के पास, व्यापार विहार, बिलासपुर 7879923905, 9977229653 (40661)

आवश्यकता है-बिलासपुर स्थित शिक्षण संस्थान में कैटरिंग कार्य संचालन हेतु अनुभवी मैनेजर की आवश्यकता है। खाद्य प्रबंधन एवं स्टाफ संचालन का अनुभव अनिवार्य। इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें– 7748008770 (40663)

आवश्यकता है-फर्नीचर शोरूम में काम करने एवं होटल में मिठाई/ नाश्ता, साऊथ इंडियन मिस्त्री, हलवाई, हेल्पर लड़के की आवश्यकता है। आवास सुविधा फी सम्पर्क करें 9300671120 (40671)

आवश्यकता है-नर्सिंग होम में कार्य करने के लिए ट्रेण्ड नर्स व कम्पाउंडर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे होम रिंग रोड नम्बर-2 महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 99819 70853 (40634)

आवश्यकता है-दवाई दुकान में काम करने के लिए हॉफ टाइम तथा फुल टाइम लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7869797088, 87709 39973 (40679)

आवश्यकता है-नेहरु नगर स्थित घर में खाना बनाने एवं गृह कार्य करने हेतु सुबह से शाम तक के लिए बाई की अति शीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क 7000370264 (40631)

## किराया

किराया-महाराणा प्रताप चौक के पास प्राइम लोकेशन में आधुनिक सुविधाओं से युक्त दुकानें, शोरूम, ऑफिस स्पेस हेतु किराये पर उपलब्ध हैं। 2माह का किराया बिल्कुल मुफ्त सम्पर्क करें-88188 81170, 9111011826 (40667)

किराया-महामाया विहार कॉलोनी में सर्वसुविधायुक्त 2BHK मकान किराए से देना है सरकारी कर्मचारी वाले को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 7869797088, 87709 39973 (40680)

## बेचना है

बेचना है-मौसाजी होंडा के पीछे सीपत रोड सरकंडा में 880 वर्गफिट के दो प्लॉट एवं त्रिपति नगर, बिरकोना रोड में 3000 वर्गफीट का एक प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें- 93406 49889, 9039477885 (40688)

बेचना है- बिलासपुर के हृदय स्थल श्रीकांत वर्मा मार्ग मैग्नेटो माल के पहले वैशाली नगर मे सर्व सुविधा युक्त पुर्णत सुरक्षित कालोनी मे 24 घंटे गार्ड- 2 bhk के फ्लैट फर्स्ट फ्लोर मे बेचना है संपर्क सुत्र- 9827687816 (40656)

बेचना है-मेन रोड हाईवे पर स्थित कुम्हारी से 4km दूर (अहीवारा रोड) प्रस्तावित 4-लेन हाईवे पर 8000 स्क्वायर फीट के करीब जमीन/फ्लैट बेचना है। सम्पर्क करें- 88892 88003, 8770489005 (152)

बेचना है-सकरी आसमां पेट्रोल पम्प के पीछे मेन रोड के अत्यंत समीप, लगानी, डायवर्टेड प्लाट 4246 वर्गफीट फ्रन्ट 70 (नगर निगम/ डायवर्सन का 2026 तक का टैक्स पटा है) तत्काल बेचना है सम्पर्क- के.एल. साहू 93296 46270 (40684)

बेचना है-40×75= 3000 फुट पश्चिम मुखी जैन होस्टल वाली गली CMD चौक पास विनोब नगर में हॉस्टल एवं PG बनाने हेतु उपयुक्त शानदार लोकेशन में। कीमत 4500/- फुट सम्पर्क- 9827938236, 8817374543 (526)

बेचना है-बिलासपुर प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक भाटिया पेट्रोल पम्प के सामने में रोड से 100 मीटर दूर, डबल रोड का 2BHK मकान बेचना है प्लॉट साइज 22×45 सम्पर्क- 6265041277, 8361997770 (5343)

बेचना है-शानदार लोकेशन बिलासपुर तखतपुर मुख्य मार्ग में गोल्ड फॉर्म 4780 वर्गफुट फार्म हाउस तत्काल बेचना है सम्पर्क करें- 9993568977 (40668)

बेचना है-अनुभवी इंजीनियर द्वारा निर्मित, नर्मदा विहार यदुनन्दन नगर, तिफरा में मकान नं 21, TNC एप्रूव्ड, दो मंजिला मकान प्लाट एरिया 1650 वर्गफिट निर्मित एरिया भूतल 1350 वर्गफिट, प्रथम तल 1000 वर्गफिट एवं शेड 200 वर्गफिट कुल निर्मित एरिया 2550 वर्गफिट बेचना है। सम्पर्क करें- 9424146997, 78986 87010 (40699)

बेचना है-न्यू बस स्टैण्ड तिफरा के समीप यदुनन्दन नगर में 2BHK मकान, एक दुकान, गार्डन सहित प्लाट एरिया 1500 वर्गफिट, 2400 वर्गफिट का tncp प्लाट डबल रोड कार्नर का सम्पर्क- 98263 14444 (40692)

बेचना है-35×90= 3150 वर्ग फीट लेआउट पास डायवर्टेड पश्चिम मुखी प्लाट नेचर सिटी फेस-II मुंगेली रोड बिलासपुर सम्पर्क करें- 9827090060 (40662)

बेचना है-सरकंडा बिलासपुर में मेन रोड पर 2Bhk के फ्लैट जिसमे 3 लेटबाथ किचन हाल अलग से डायनिंग हाल दोनों तरफ बालकनी शीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9827199853 (40666)

बेचना है-महामाया रेसीडेंसी कॉलोनी कोनी में नवनिर्मित 5BHK तीन मंजिल भवन शीघ्र बेचना है। सम्पर्क करें- 7049009079 (530)

## शैक्षणिक

प्रवेश प्रारम्भ-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे- BA, B.Com, B.Sc, BCA, MCA, BBA, MA, M.Com, M.Sc, MBA, MSW, B.Lib, M.Lib, DCA, PGDCA, Poly-technic B.Tech अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें- Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (4146)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ




## कृषि उपकरण

कृषि उपकरण- 2 चक्का 4 चक्का वाटर टैंकर और हाइड्रॉलिक ट्रॉली 4 चक्का 2 चक्का एक्सचेंज सुविधा सहित नया/पुराना उपलब्ध। ट्रॉली टैंकर बनाने वाले आदमियों की जरूरत है सम्पर्क- किसान एग्रो, गतौरी, रतनपुर रोड बिलासपुर, 9827892413, 7999789224 (40659)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 7 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
380 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
14 विकेट
चेन्नई

# रघुवंशी को अंपायर से भिड़ना पड़ा महंगा

एजेंसी ▸▸| मुंबई

कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ा गया है। रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के बीच हुए मुकाबले में रघुवंशी को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है।

केकेआर की पारी के दौरान पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर अंगकृष रघुवंशी को 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' के कारण आउट दे दिया गया था, जिसके बाद उन्होंने मैदान पर ही अपनी नाराजगी जाहिर की थी। अंगकृष ने पवेलियन लौटते हुए गुस्से में जोर से जमीन पर बल्ला मारा था और अपना हेलमेट बाउंड्री लाइन के पास फेंक दिया था। केकेआर का खेमा भी अंपायर के फैसले से काफी नाखुश दिखाई दिया था। टीम के हेड कोच अभिषेक नायर को भी गुस्से में अंपायर्स संग बातचीत करते हुए देखा गया था।




### 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' का लगा था दोष

दरअसल, प्रिंस यादव की गेंद पर अंगकृष मिड-ऑन की तरफ शॉट खेलकर रन लेने के लिए दौड़े थे, लेकिन दूसरे छोर पर खड़े कैमरून ग्रीन ने उन्हें वापस भेज दिया था। अपना विकेट बचाने के लिए अंगकृष ने डाइव लगाई थी, लेकिन तभी फील्डर ने भी गेंद को स्टंप की तरफ थ्रो किया था। थ्रो सीधा अंगकृष के पैर में आकर लगा था, जिसके बाद एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत और बाकी खिलाड़ियों ने अपील की थी। मैदानी अंपायर्स ने थर्ड अंपायर की मदद ली थी, जिसके बाद अंगकृष को 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' (फील्डिंग में बाधा पहुंचाने) का दोषी मानते हुए उन्हें आउट करार दे दिया था।

# सूर्यवंशी ने बच्चों से फोटो के लिए मांगे पैसे!




एजेंसी ▸▸| जयपुर

वैभव सूर्यवंशी मैदान के अंदर अपने खेल के लिए जितनी सुर्खियां बटोरते हैं, उतना ही मैदान के बाहर उनका मजाकिया अंदाज भी खूब वायरल होता है। शनिवार को हैदराबाद के खिलाफ 36 गेंद पर शतक लगाने के बाद अब यह 15 वर्षीय बल्लेबाज बच्चों के साथ मस्ती करते हुए सुर्खियां बटोर रहा है। राजस्थान रॉयल्स ने अपने एक्स हैंडल पर वीडियो शेयर किया है, जिसमें वैभव बच्चों से फोटो के लिए पैसे मांगते दिख रहे हैं।

### मैं फोटो के लिए पैसे लेता हूं

इस वीडियो में दिख रहा है कि वैभव सूर्यवंशी के पास दो बच्चे आते हैं और फोटो के लिए कहते हैं। फिर राजस्थान के ओपनर को मजाक सूझता है और वह कहते हैं,"मैं फोटो के लिए पैसे लेता हूं।" इसके बाद बच्चों को यकीन नहीं होता है और फिर वैभव बोलते हैं,सही बोल रहा हूं मैं। 100 रुपए लूंगा मैं पूरे। दोगे तो बोलो। इसके बाद मजा तब आता है जब दोनों में से एक बच्चा वैभव को 200 रुपए देने लगता है और बोलता है, एक मेरे साथ और एक इसके साथ। इसके बाद वैभव जोर से हंसने लगते हैं और कैमरे की ओर इशारा करते हुए कहते हैं, अरे भाई मजाक कर रहा हूं देखो उधर देखो। इस मस्ती-मजाक का वीडियो राजस्थान रॉयल्स ने शेयर किया। फैंस भी इसे पसंद कर रहे हैं और मजाकिया मीम्स के साथ शेयर भी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### कतर सुपरस्टॉक चैंपियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय जोहान

**दोहा।** जोहान इमैनुअल फाइनल राउंड की दोनों रेस में पहला स्थान हासिल करके कतर सुपरस्टॉक 600 चैंपियनशिप (क्यूएसटीके) जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। चेन्नई के रहने वाले 19 वर्षीय जोहान को खिताब पक्का करने के लिए दोनों रेस जीतनी जरूरी थीं और वह इसमें सफल रहे। फाइनल राउंड की रेस से पहले वह हंगरी के मार्टन बेलेली से नौ अंकों से पीछे थे। भारतीय राइडर ने आखिर में 21 अंकों की बढ़त के साथ चैंपियनशिप अपने नाम की। उन्होंने 10 रेस में से छह में जीत हासिल की।

### आज से विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप

**लंदन।** भारत की पुरुष और महिला टीम मंगलवार से शुरू हो रही 2026 विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप में उम्मीद और दबाव के जाने-पहचाने मेल के साथ उतरेंगी। मानव ठक्कर (विश्व रैंकिंग 38), जी साथियान (42), मानुष शाह (51), हरमीत देसाई (80) और पायस जैन (127) की मौजूदगी वाली भारतीय पुरुष टीम ग्रुप सात में स्लोवाकिया, ट्यूनीशिया और ग्वाटेमाला के खिलाफ प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेगी। कागज पर रैंकिंग भारत के पक्ष में दिखती है, विशेषकर लुबोमीर पिस्टेज (149) और यांग वांग (184) की अगुवाई वाली स्लोवाकिया की टीम के खिलाफ।

### रग्बी लीग : जून में होगा पहली बार महिला टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) में पहली बार महिला टूर्नामेंट का आयोजन जून में होगा जिसमें चार फ्रेंचाइजी टीम मुकाबला करेंगी। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की।

GMR RUGBY PREMIER LEAGUE

आरपीएल 2025 में हिस्सा लेने वाली छह पुरुष फ्रेंचाइजी में से चार टीम महिला टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम मैदान में उतारेंगी। लीग का आयोजन 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गचीबाउली स्टेडियम में होगा।

## 39 गेंदों में जीती आरसीबी, 75 रन पर ढेर दिल्ली

# बेंगलुरु ने कैपिटल्स को 9 विकेट से हराया

**हेजलवुड और भुवनेश्वर की घातक गेंदबाजी**

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भुवनेश्वर कुमार (3 ओवर में 5 रन पर 3 विकेट) और जोश हेजलवुड (3.3 ओवर में 12 रन पर 4 विकेट) की कमाल की गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल टी20 मैच में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स को 81 गेंद शेष रहते 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। कैपिटल्स की पारी को 16.3 ओवर में 75 रन पर समेटने के बाद आरसीबी ने देवदत्त पडिक्कल (13 गेंद में नाबाद 34 रन) और विराट कोहली (15 गेंद में नाबाद 23 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से 6.3 ओवर में 1 विकेट पर 77 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। आरसीबी ने 8 मैचों में यह छठी जीत दर्ज कर तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत की, जबकि दिल्ली की यह 8 मैचों में पांचवीं हार है।

### आरसीबी ने किया दूसरा सबसे तेज लक्ष्य हासिल

आरसीबी ने इसके साथ ही आईपीएल इतिहास में गेंद के हिसाब से दूसरा सबसे तेज लक्ष्य हासिल कर मौजूदा सत्र में 18 अप्रैल को कैपिटल्स से मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। कैपिटल्स टीम का यह आईपीएल में तीसरा सबसे कम स्कोर है। दिल्ली के लिए अभिषेक पोरेल ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा डेविड मिलर (19) और काइल जैमीसन (12) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके।



### दिल्ली का पावरप्ले में सबसे कम स्कोर

हेजलवुड और भुवनेश्वर की टेस्ट मैच जैसी ऑफ स्टंप के बाहर स्विंग होती गेंदों का कैपिटल्स के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था और टीम ने शुरुआती 3 ओवर में 9 रन तक 6 विकेट गंवा दिए। पावरप्ले के बाद कैपिटल्स का स्कोर 6 विकेट पर 13 रन था। यह आईपीएल में पावरप्ले का सबसे कम स्कोर है। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने 2009 में आरसीबी के खिलाफ 2 विकेट पर 14 रन बनाए थे। सुयश शर्मा ने 4 ओवर में सिर्फ 7 रन देकर एक सफलता हासिल की। रसिख सलाम और कृणाल पंड्या को भी एक-एक सफलता मिली।

### आईपीएल में कोहली के 9 हजार रन पूरे

विराट कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 23 रन की पारी खेली और इस दौरान 11 रन बनाते ही उन्होंने इतिहास रच दिया। विराट ने अपनी 267वीं आईपीएल में पारी में लीग के इतिहास के 9 हजार रन पूरे कर लिए। वह आईपीएल में इस मुकाम तक पहुंचने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। उनके आसपास भी कोई इस लिस्ट में नहीं है। रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं लेकिन बहुत दूर हैं। विराट का यह 275वां आईपीएल मैच था।

### विराट के डीसी के खिलाफ 1172 रन पूरे

इस पारी में विराट ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी 1172 रन पूरे कर लिए। आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में वह दूसरे नंबर पर पहुंच गए। इस मामले में पहले नंबर पर भी उनका कब्जा है और सीएसके के खिलाफ उन्होंने सबसे ज्यादा 1174 रन बनाए हैं।

### 7 रन पर 5 विकेट गंवाने वाली दूसरी टीम बनी दिल्ली

दिल्ली का स्कोर 7 रन पर 5 विकेट हुआ, तो इसी के साथ ही दिल्ली आईपीएल के 19 साल के इतिहास में 5 विकेट पर सबसे कम स्कोर बनाने वाली दूसरी टीम बन गई। इससे पहले इससे बड़ा धब्बा कोच्चि टस्कर्स केरल के माथे पर लगा था और यह आज तक बरकरार है। तब साल 2011 में डेक्कन चार्जर्स ने केरल के 5 विकेट सिर्फ 6 रन पर गिरा दिए थे। मतलब दिल्ली कैपिटल्स सिर्फ 2 रन से माथे पर सबसे बड़े धब्बे से बच गई। इस मामले में तीसरे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स हैं, इस टीम का बुरा हाल इसी सीजन में हैदराबाद के बॉलरों ने किया। हैदराबाद ने राजस्थान के 5 पांच विकेट 9 रन पर गिरा दिए थे।

## शेवरोन चैंपियनशिप

# नेली फिर बनीं नंबर-1 महिला गोल्फर




एजेंसी ▸▸| ह्यूस्टन

*अमेरिका की नेली कोर्डा शेवरोन चैंपियनशिप जीतकर फिर से दुनिया की नंबर एक महिला गोल्फर बन गई हैं। कोर्डा ने चौथे और आखिरी दौर में दो अंडर 70 के स्कोर के साथ पांच शॉट की जीत हासिल की और अपने करियर का तीसरा मेजर खिताब जीता। उन्होंने कुल 18 अंडर 270 का स्कोर बनाया। यह उनकी एलपीजीए में 17वीं और विश्व स्तर पर 21वीं जीत थी। इससे यह 27 वर्षीय अमेरिकी स्टार अगस्त के बाद पहली बार महिला विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी करने में सफल रही। कोर्डा ने न केवल शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रखी, बल्कि किसी अन्य खिलाड़ी ने उनके सामने चुनौती पेश ही नहीं की।*

# सिंधू उठाएंगी खिलाड़ियों के मसले बीडब्ल्यूएफ के लिए काम किया शुरू

एजेंसी ▸▸| होर्सेंस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की परिषद के सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल शुरू कर दिया है और उन्होंने दुनिया भर के खिलाड़ियों के मसलों को उठाने का वादा किया। बैडमिंटन की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक सिंधू ने दिसंबर में बीडब्ल्यूएफ खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के बाद बीडब्ल्यूएफ परिषद में पूर्ण मतदान का अधिकार हासिल कर लिया है। सिंधू आधिकारिक तौर पर 2025 के आखिर में परिषद में शामिल हुई थी। उन्होंने 25 अप्रैल को यहां वार्षिक आम बैठक में पहली बार हिस्सा लिया और इस तरह से उनके कार्यकाल की शुरुआत हुई।

### मेरे लिए सौभाग्य की बात : पीवी

सिंधू ने कहा, ' विश्व बैडमिंटन महासंघ के यह जिम्मेदारी निभाना और दुनिया भर के खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए वास्तव में सम्मान और सौभाग्य की बात है।'' उन्होंने कहा, बैडमिंटन ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मुझे




खुशी है कि मुझे इस क्षमता से भी खेल की सेवा करने का मौका मिल रहा है।' विश्व बैडमिंटन महासंघ की परिषद विश्व स्तर पर बैडमिंटन को रणनीतिक दिशा प्रदान करने और उसके संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बीडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष खुनयिंग पटामा लीस्वदत्रकुल ने सिंधू का परिषद में स्वागत करते हुए कहा, 'पीवी सिंधू ने पिछले कई वर्षों से कोर्ट पर असाधारण कौशल, शालीनता और अपने जज्बे का शानदार प्रदर्शन किया है।

# चोट के कारण एशियाई चैंपियनशिप नहीं खेल पाएंगी मीराबाई चानू

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले महीने गांधीनगर में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में कंधे की चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाएंगी तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई को फरवरी में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान यह चोट लगी थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, ' राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान मीराबाई के कंधे में हल्की




चोट लग गई थी। यह साल बहुत अहम है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल होने वाले हैं और वह कोई भी जोखिम नहीं ले सकतीं।' भारतीय टीम में मीराबाई की जगह कोमल कोहर को शामिल किए जाने की संभावना है।

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

मोदीनगर में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 31 साल की मीराबाई ने कुल 205 किग्रा (89 किग्रा और 116 किग्रा) भार उठाकर 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 48 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी, जिसके बाद अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेले 2026 के लिए वह अपना वजन बढ़ाकर 53 किग्रा वर्ग में आ जाएंगी। एशियाई खेल ही एकमात्र ऐसा बड़ा टूर्नामेंट है, जिसमें मणिपुर की इस भारोत्तोलक ने अभी तक कोई पदक नहीं जीता है।

### महिला एसए ओपन : संयुक्त 24वें स्थान पर प्रणवी

**केपटाउन।** भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स ने अंतिम दौर में एक अंडर 72 का स्कोर बनाकर इन्वेस्टेक एसए महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 24वां स्थान हासिल किया लेकिन दीक्षा डागर (76) अंतिम दिन निराशाजनक प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गईं। दीक्षा आखिर में संयुक्त 37वें स्थान पर रहीं, जबकि अवनी प्रशांत (77) ने संयुक्त 57वां स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी वाणी कपूर, त्वेसा मलिक और हिताशी बख्शी कट में जगह बनाने से चूक गईं थीं। इस बीच इंग्लैंड की एस्मे हैमिल्टन ने दो शॉट की जीत के साथ अपना पहला एलईटी (लेडीज यूरोपियन टूर) खिताब जीता।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN: L65910KL1992PLC006623,
Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/05/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
सरगुजा, खरसिया रोड अंबिकापुर, 0131960700017895, 8808,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:– इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/– नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 7076372064 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

गुमशुदा व्यक्ति



विजयकुमार (बंडूभाऊ)
सुरेशचंद्र राहांगडाले
(मूल निवास फुक्कीमेटा), उम्र 68, मंगलवार ता. 21/04/2026 को दोपहर एक बजे से स्थायी निवास इंद्रप्रस्थ नगर, बनगाव तह. आमगांव से लापता हैं ।
हुलिया: रंग: : गोरा, कद: : 5 फीट 6 इंच
कपड़े: आसमानी हाफ शर्ट एवं काली पेंट पहने हुए ।
अगर आपको इनके बारे में कोई भी जानकारी मिले, तो कृपया तुरंत नीचे दिए गए नंबरों पर **संपर्क करें:**
9403371454, 9764580401

## भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से दी करारी शिकस्त

# थॉमस कप : भारत की क्वार्टर फाइनल में धमाकेदार एंट्री

एजेंसी ▸▸| होर्सेंस

भारतीय पुरुष टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्रुप ए के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से करारी शिकस्त देकर थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत और चीन इस ग्रुप में शीर्ष पर हैं। 2022 के चैंपियन भारत ने कनाडा पर 4-1 से जीत के साथ शुरुआत की थी।

चीन ने अपने पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया था। उसने सोमवार को कनाडा को 4-1 से पराजित किया। भारत और चीन अब बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे, जिससे ग्रुप में शीर्ष स्थान का फैसला होगा।

**बुधवार को भारत और चीन के बीच मुकाबला**

**आयुष ने भारत की बढ़त को दोगुना किया**




### लक्ष्य ने भारत को दिलाई शुरुआती बढ़त

लक्ष्य सेन ने एफ्रेम स्टीफन सैम पर 21-14, 21-16 से जीत हासिल करके भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। यूएस ओपन चैंपियन और हाल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में उपविजेता रहे आयुष शेट्टी ने श्रेय ढांड को 21-8, 21-6 से आसानी से हराकर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया।

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा सं. : IRCON/2059/CGRP/e-TENDER/25-26/Durgapur feeder/BSP दिनांक : 27.04.2026

छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड की ओर से योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले निविदादाताओं से "साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे पर छत्तीसगढ़ राज्य में घरघोडा से गारे पेलमा तक खरसिया (किमी–0) से धरमजयगढ़ (किमी–74.0) के मध्य एक स्पर सहित ईस्ट कॉरिडोर–I की नई बीजी विद्युतीकृत रेलवे लाइन के निर्माण के संबंध में दुर्गापुर साइडिंग (किमी 0–6.85) को जोड़ने वाली फीडर लाइन हेतु रेलवे फॉर्मेशन के लिए मिट्टी कार्य एवं ब्लैंकेटिंग कार्य, छोटे पुल, बड़े पुल, आरयूबी, आरओबी, ट्रैक लिंकिंग कार्य (स्लीपरों एवं बैलास्ट की आपूर्ति सहित परन्तु रेलों की आपूर्ति रहित) सहित सिविल कार्य" के कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 109.23 करोड़ जीएसटी सहित |
| ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.05.2026 को 15:00 बजे तक |

अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। संशोधन/शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। कार्यकारी निदेशक/परियोजना, सी–4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली–110017

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
प्रधानमंत्री आवास योजना – सबके लिए आवास मिशन (शहरी)
स्लम/गैर स्लम में किराये के मकान में रह रहे हितग्राहियों को दो कमरे का आवास आबंटन लॉटरी पद्धति से करने के संबंध में

विज्ञापन क्र. 973 दिनांक 27/04/2026

आवास आबंटन सूचना

''मोर मकान मोर आस'' योजना अंतर्गत बृज विहार ईडब्लुएस भूमि प्रभुदयाल खंडेलवाल राजकिशोर नगर में 23 रिक्त आवास एवं नूतन चौक में 02 रिक्त आवास इस प्रकार कुल 25 आवासों के आबंटन हेतु आवेदन पत्र दिनांक 09/02/2026 तक कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर में जमा किये गये आवेदकों को दिनांक 29/04/2026 को लॉटरी के माध्यम से जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन उपरांत नगर पालिक निगम बिलासपुर के दृष्टि सभा कक्ष में प्रात: 12:00 बजे आवासों का आबंटन किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

# विरासत

छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा

सृजन का महत्व इसी सत्य में निहित है कि मनुष्य भले ही इस नश्वर संसार से विदा हो जाए, पर उसका रचा हुआ कार्य समय की सीमाओं को लांघकर जीवित रहे। सृजन केवल अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि आत्मा की साधना है। एक ऐसा तप, जिसमें सृजक अपने अस्तित्व को कृति में ढाल देता है। जब यह साधना पूर्ण समर्पण और ईमानदारी से की जाती है, तब वही सृजन सृजक को अमरत्व का स्पर्श कराता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि संसार के महान साहित्यकारों, चित्रकारों और कलाकारों ने जो कुछ रचा, वह आज भी जीवित है-वह उनकी सोच, उनकी संवेदनाओं और उनके समय की कहानी कहता है। उनकी कृतियां केवल कला नहीं, बल्कि समय से संवाद हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों को प्रेरित करती रहती हैं। इस प्रकार, सृजन केवल क्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक शाश्वत विरासत है-जो सृजक को उसके जीवन से परे भी जीवित रखती है। हिंदी सिनेमा में भी ऐसे निर्माता निर्देशक और लेखक हुए है जिनका क्रिएशन आज उनके जाने के बाद भी नई पीढ़ी को राह दिखा रहा है। ऐसे ही विजनरी निर्माता निर्देशक और लेखक थे आचार्य किशोर साहू...किशोर जी ने अपने जीवनकाल में सिनेमा की हर विधा में हाथ आजमाया और कसौटी पर खरे उतरे चाहे निर्देशन हो या फिर कहानी लेखन हर तरफ अपना जलवा बिखेरा...



किशोर साहू

## समृद्ध परिवार, बचपन की सुनहरी यादें

किशोर साहू जी के पूर्वज राजस्थान से आकर मध्यप्रांत में आकर नागपुर कमिश्नरी के भंडारा जिले में बस गए थे भंडारा शहर में साव परिवार की हवेली थी। आर्थिक रुप से संपन्न परिवार कारोबार करता था। दादा आत्माराम साव ने मैट्रिक पास करते ही रायपुर में कमिश्नर के दफ्तर में क्लर्क आफ कोर्ट्स की नौकरी कर ली। आत्माराम जी तेज बुद्धि होने के साथ साथ स्वावलंबी और आत्माभिमानी थे। अपनी लगन के बल पर उन्होने जल्दी जल्दी तरक्की हासिल की क्लर्क से सुपरिटेंडेट बने फिर EAC यानी एक्स्ट्रा असिस्टेंट कमिश्नर या बोलचाल की भाषा में छोटे साहब। अंग्रेज आधिपत्य वाले भारत में किसी भारतीय का छोटे साहब बन जाना बहुत बड़ी उपलब्धि थी। आत्माराम जी साव परिवार के पहले व्यक्ति थे, जिन्होने अंग्रेजी में शिक्षा ली और नागपुर में मैट्रिक पास की। उन्होंने साव सरनेम बदलकर साहू कर दिया। किशोर साहू जी की दादी का नाम गौरा था। आसपास के लोग उन्हे साहबिन बाई कहा करते थे तो बालक किशोर उन्हे आजी मां कहते थे। आत्माराम साव कई सालों तक रायगढ़, सारंगढ़, राजनांदगांव, सक्ति बलांगीर, पटना रियासतों के दीवान रहे।

## पिता को कहते थे 'जी'

आत्माराव साव के चार बेटे और चार बेटियां थी मनमोहन लाल, कन्हैयालाल, दुर्गा, सुन्दरलाल, कमला, मुकुन्दलाल, तारा और सुशीला...किशोर जी के पिता का नाम कन्हैयालाल और माता का नाम प्रेमवती था...दुर्ग में 22 अक्टूबर 1915 की दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर जन्म हुआ। किशोर जी के जन्म के समय उनके पिता 24 साल के और माता सोलह साल की थी। किशोर जी अपने पिता को 'जी' कहकर संबोधित करते थे।

## पिता से साहित्य के संस्कार

अपनी आत्मकथा में हर जगह अपने पिता के लिए 'जी' ही लिखा। पिता कन्हैयालाल साव की हिंदी के साथ साथ अंग्रेजी साहित्य में रुचि थी। उन्होंने अंग्रेजी साहित्य के शेक्सपियर, रेनॉल्ड्स, थैकरे, एडिसन, जॉनसन, मेकॉले से लेकर वड्‌र्सवर्थ, शेली, कीट्स, ब्राउनिंग, टेनिसन, ऑस्कर वाइल्ड और बर्नार्ड शॉ जैसे महान लेखकों कवियों की रचनाओं का अध्ययन किया था। कन्हैयालाल साव जी के दो कविता संग्रह इंडियन प्रेस इलाहबाद से प्रकाशित भी हुए थे जिनके नाम थे द फरलॉन नेस्ट और द मॉर्निंग बेल। उनके अंग्रेजी समाचार पत्रों में लेख भी प्रकाशित होते थे। इस तरह साहित्य और लेखन के संस्कार किशोर जी को बचपन में ही मिले।



पिता



माता

## मन में रचा बसा राजनांदगांव


राजनांदगांव शहर को किशोर साहू कभी भूल नहीं पाए थे। शहर की बनावट प्राकृतिक खूबसूरती रहन सहन सब कुछ उन्हे हमेशा याद रहा। अपनी आत्मकथा में किशोर साहू लिखते है कि नगर का राजसी ठाठ था। तीन बड़े-बड़े ताल थे- रानीसागर, लालसागर और बूढ़ासागर। सुबह-शाम आदमी, औरतें और बच्चे तालाब में नहाते, कपड़े धोते और और कोई रंग का किनारा होता। सुनहरी धुन में छम-छम करती युवतियां मेड़ पर स्थित हनुमान मन्दिर के पास से गुजरती तो घंटा बजाकर वहाँ से सिन्दूर लेकर माथे पर अवश्य लगा जातीं। सावन में पेड़ों की डालियों पर हिंडोले पड़ते और मस्त पेंगे भरते हुए युवक-युवतियों के राग-उल्लास से समस्त वातावरण गुंजारित्त हो उठता। तब क्या दृश्य होता था।

# छत्तीसगढ़ से बॉलीवुड तक

# किशोर साहू



'गाईड' में देवआनंद और वहीदा रहमान के साथ किशोर साहू



फिल्म दिल अपना प्रीत पराई की शूटिंग के दौरान का दृश्य

### नागपुर में पढ़ाई, थिएटर से जागा प्यार

नाटकों के प्रति प्रेम पर अपनी आत्मकथा में किशोर साहू लिखते है कि 'उन दिनों चलते फिरते बाइस्कोप शहर में आ जाया करते थे, आठ-दस चित्र मैंने देखे। 'टाइपिस्ट गर्ल' और ' अनारकली' - ये दो फिल्में ज्यादा पसंद आई नायिका मिस सुलोचना थी। मेरे दिल में उतर गई थी। मैं ही क्या, सारा जमाना उन दिनों सुलोचना पर मरता था' । किशोर साहू जी के नागपुर में पढ़ाई के दौरान आर्य सुबोध कंपनी आई थी 'आर्य सुबोध' का मुख्य और प्रख्यात नाटक था 'हैमलेट' जिसे सिर्फ नागपुर के ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों के लोग भी देखने आया करते थे। किशोर जी के पिताजी की नाटक के कलाकार बेंजामिन से गहरी दोस्ती हो गई थी। हैमलेट नाटक को किशोर जी ने कई बार देखा। उन्ही दिनों किशोर जी ने मन में ठाना कि एक दिन नागपुर के व्यंकटेश थिएटर में में भी हैमलेट की भूमिका करुंगा। समय के साथ किशोर जी सिनेमा देखने के शौकीन हो गए उन्ही सवाक सिनेमा भी शुरु हो चुका था हिंदी की पहली सवाक फिल्म आलमआरा किशोर जी ने देखी। नागपुर आते ही किशोर जी को अंग्रेजी चित्र भी देखने को मिली। अंग्रेजी मूवीज का चस्का लगते ही हिन्दी फिल्म कमतर नजर आने लगे। इसी दौरान बॉम्बे टाकीज की फिल्म कर्म पर्दे पर आई।

## बॉम्बे टॉकीज से मिला पहला मौका

अपने सपनों को पूरा करने के लिए किशोर जी ने बंबई यानी वर्तमान की मुंबई की राह पकड़ी। यहां शुरुआती संघर्ष के बाद किशोर साहू की मुलाकात फिल्म सितारा बन चुके अशोक कुमार और देविका रानी से हुई। देविका रानी एक बड़ी फिल्म अभिनेत्री के साथ-साथ बॉम्बे टॉकीज के मालिक निर्माता निर्देशक हिमांशु राय की पत्नी भी थी । समय के साथ ये मुलाकात दोस्ती में भी तब्दील हुई। हिमांशु राय ने किशोर जी की अभिनय प्रतिभा को पहचाना और अपनी पत्नी और अभिनेत्री देविका रानी के साथ 'जीवन प्रभात' फिल्म में नायक के रूप में मौका दिया 'जीवन प्रभात' सन 1937 में निर्मित किशोर साह अभिनीत पहली फिल्म थी। सन 1940 में किशोर साहू ने स्वयं की एक प्रोडक्शन कपनी 'इण्डिया आर्टिस्ट लिमिटेड कम्पनी' के बैनर तले 'बहूरानी' फिल्म का निर्माण किया। चौबीस वर्षीय किशोर साहू इस फिल्म के नायक, निर्माता तथा निर्देशक थे। इस फिल्म ने किशोर साहू को नायक और निर्देशक के रूप में अपार ख्याति प्रदान की। सन 1940 में ही किशोर साहू अभिनीत फिल्म 'पुनर्मिलन' भी रिलीज हुई।



पहली फिल्म जीवन प्रभात में देविका रानी के साथ

### 'दिल अपना प्रीत पराई' से जबर्दस्त कमबैक

60 के दशक की सुपरहिट फिल्म दिल अपना प्रीत पराई के बनने की कहानी भी दिलचस्प है। कहानी पर फिल्म निर्माण के लिए सोचते समय नायिका के तौर पर किशोर जी के जेहन में केवल मीनाकुमारी ही थी। नायक के लिए जब निर्माता कमाल अमरोही जुबली स्टार राजेंद्र कुमार के नाम पर नहीं माने तो किशोर जी ने खुद का नाम प्रस्तावित किया। आखिरकार उस समय के उभरते अभिनेता राजकुमार पर बात फाइनल हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान भी कमाल साहब से कई बार मतभेद उभरे। किसी तरह फिल्म की शूटिंग पूरी हुई लेकिन निर्माता कमाल अमरोही फिल्म की एंडिंग को लेकर खुश नहीं थे और बदलाव चाहते थे, लेकिन निर्देशक के तौर पर किशोर जी ने इसकी इजाजत नहीं दी। आखिरकार मशहूर निर्देशक के आसिफ की मध्यस्थता से फिल्म रिलीज हुई । रिलीज होने के पहले ही खुद कमाल अमरोही ने इसे फ्लॉप घोषित कर दिया था। लेकिन जैसे ही फिल्म सुनहरे पर्दे पर आई, तहलका मच गया। हरतरफ फिल्म के संगीत राजकुमार और मीनाकुमारी के अभिनय की चर्चा होने लगी। सप्ताह दर सप्ताह फिल्म ने कामयाबी का सफर तय किया।



### प्रीति से प्यार फिर जीवनभर का साथ

अलीगढ़ की रहने वाली प्रीतिकुमारी पांडेय किशोर जी के जीवन में प्यार बनकर आई। आगे चलकर ये प्यार जनम-जनम के रिश्ते में बदल गया । लेकिन इसके पहले किशोर जी की निजी जिंदगी में तूफान आया। प्रीति के परिवार से समस्याएं होने के कारण शादी टल रही थी, हालात कुछ यूं बने कि उन्होंने फिल्म पुर्नमिलन की नायिका स्नेहप्रभा प्रधान से शादी कर ली। परिवार सहित मित्र कोई भी इस शादी से खुश नहीं थे। सभी ने बेमन से इस जोड़ी को अपनाया। किशोर साहू के मुताबिक आपसी मनमुटाव और मतभेद के कारण ये शादी चार महीने में ही टूट गई। स्नेहप्रभा से तलाक के बाद प्रीति को शादी के लिए मनाने के लिए किशोर जी ने बहुत से पत्र लिखे। आखिरकार 1943 में दोनों शादी के बंधन में बंध गए। प्रीति से शादी के बाद किशोर जी के जीवन को नया आधार मिला। साहू दंपत्ति के दो बेटे और दो बेटी रोहित, नैना, विक्रम और ममता थे ।

## हर फिल्म अपने आप में खास




फिल्म प्रोडक्शन और डायरेक्शन के दौरान किशोर जी ने महज मनोरंजन के लिए फिल्मों का निर्माण या निर्देशन नहीं किया। उनकी हर फिल्म उद्देश्यपूर्ण और संदेश लिए होती थी । 1942 में रिलीज फिल्म कुआरा बाप को हिंदी की पहली हास्य फिल्म माना जाता है। जिसमें प्रतिभा दास गुप्ता नायिका थी।.

फिल्म राजा की बात करे तो ये फिल्म 21 अगस्त 1943 को रिलीज हुई थी। गुरुदत्त की फिल्म प्यासा भी राजा से प्रेरित बताई जाती है।

सम्राट अशोक को पत्नी तिष्यरक्षिता और पुत्र कुणाल की कहानी को लेकर किशोर जी ने वीर कुणाल नामक फिल्म का निर्माण किया। इस फिल्म की तारीफ सरदार पटेल ने भी की थी।

सन 1951 में किशोर साहू ने 'काली घटा' का निर्माण तथा निर्देशन किया। इस फिल्म के नायक भी किशोर साहू तथा नायिका के रूप में उन्होंने एक नयी नायिका कृष्णा सरीन को अनुबंधित किया तथा उसे नया नाम भी दिया था बीना राय।




### 'फिल्म सावन आया रे' ने शोहरत बटोरी

फिल्म सावन आया रे फिल्म की नायिका उस जमाने की चुलबुली नायिका रमोला थी। यह फिल्म 13 मई 1949 को मुम्बाक कृष्णा और कैपिटल टाकीज में एक साथ रिलीज हुई। इस फिल्म को भी सन 1949 का बेस्ट फिल्म का अवार्ड प्राप्त हुआ। उसको सारी शूटिंग नैनीताल में की गई। इस तरह यह हिंदी को पहली फिल्म थी जिसने हिंदी फिल्मों में आउटडोर शूटिंग की परम्परा प्रारंभ की। इसके पहले मुम्बई के किसी स्टूडियों में सेट बनाकर फिल्म की शूटिंग हो कर ली जाती थी।

inh न्यूज
मंगलवार रात 7.55 बजे

### आउटडोर शूटिंग जैसी कल्पना को साकार रूप दिया



किशोर साहू जी का जन्म दुर्ग में हुआ और उनका पालन-पोषण राजनांदगांव में हुआ, जहां से उनके सपनों ने आकार लेना शुरू किया। किशोर साहू जी केवल एक अभिनेता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी निर्देशक भी थे। उन्होंने उस समय में, जब फिल्म निर्माण सीमित संसाधनों में होता था, आउटडोर शूटिंग जैसी कल्पना को साकार रूप दिया।

-डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़

### फिल्में महज मनोरंजन नहीं संदेश लिए होती थी



किशोर साहू जी का अभिनय और उनकी निर्मित निर्देशित फिल्में हम सभी को प्रेरणा देती है। वर्तमान पीढ़ी तो उन्हें फिल्म गाइड के किरदार मार्को से ही जानती है, लेकिन इसके काफी पहले से ही वे लगातार फिल्मों के निर्माण निर्देशन और अभिनय में सक्रिय थे। उनकी फिल्में महज मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि संदेश लिए होती थी

-अनुज शर्मा, फिल्म अभिनेता, विधायक

### बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे किशोर साहू



किशोर साहू ऐसे बहुमुखी प्रतिभा के धनी लेखक, निर्देशक और अभिनेता रहे, जिनका फिल्मी सफर आजादी से पहले के दौर से शुरू होता है। उन्होंने उस समय की फिल्म इंडस्ट्री में अपनी मेहनत, लगन और रचनात्मकता से एक अलग पहचान बनाई।

-गिरिजा शंकर, लेखक एवं वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक

### 'मार्को' के रूप में पहचान दर्शकों ने खूब सराहा



किशोर साहू का निर्देशन अपने आप में एक अलग ही पहचान रखता था। 'मार्को' के रूप में उन्होंने जो काम किया, उसे दर्शकों ने खास तौर पर खूब सराहा। उस किरदार में उनकी अभिनय क्षमता और निर्देशन दृष्टि दोनों का अनोखा संगम देखने को मिलता है, जो आज भी याद किया जाता है। किशोर साहू जी ने अपने जीवन में कभी हार नहीं मानी।

-मनोज वर्मा, निर्माता निर्देशक


### निर्देशन और लेखन समेत हर क्षेत्र में महारथ



साहू जी ने अपने जीवनकाल में फिल्म निर्माण के अलावा लेखन और निर्देशन में भी छाप छोड़ी। उनकी फिल्में महज मनोरंजन का साधन नहीं होकर उद्देश्यपूर्ण हुआ करती थी। अपनी फिल्मों के जरिए समय समय पर उन्होंने हर बार उभरते टैलेंट को मौका दिया।

-राजेश अग्रवाल
पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री छग

### महान कलाकार और अत्यंत परिश्रमी व्यक्तित्व




किशोर साहू बहुत महान कलाकार और अत्यंत परिश्रमी व्यक्तित्व थे। वे अपने लिए कम और दूसरों के लिए अधिक सोचने वाले इंसान थे । पढ़ना-लिखना उनकी सबसे बड़ी ताकत थी। उनके विचार, उनकी लेखनी और उनकी दृष्टि ने उनके काम को गहराई दी। इतनी बड़ी उपलब्धियों के बावजूद उन्होंने कभी खुद को बड़ा स्टार नहीं माना।

-विक्रम साहू, किशोर साहू के बेटे, मुंबई

## आखिरी सांस तक सृजन में रहे सक्रिय


उपन्यास, कहानी, लेखन भी उन्होने व्यस्त समय के बीच जीवन के आखिरी वर्षों में किशोर साहू एक फिल्म की योजना बना रहे थे लेकिन इसी दौरान 22 अगस्त 1980 को बैंकॉक एयरपोर्ट पर हार्ट अटैक से निधन हो गया। दिग्गज अभिनेता, लेखक और निर्देशक किशोर साहू का जीवन एक दौर की सांस्कृतिक चेतना का प्रतिबिंब था। उनके जाने के बाद भारतीय सिनेमा ने एक संवेदनशील शिल्पकार को खो दिया, जिसकी नजर समाज की गहराइयों तक जाती थी। उनकी रचनात्मकता में मनोरंजन के साथ विचारों की गंभीरता भी थी ।वह दर्शकों को सिर्फ हंसाते या रुलाते नहीं थे, बल्कि सोचने पर मजबूर करते थे। आज जब हम उनके काम को याद करते हैं, तो यह एहसास और गहरा होता है कि सिनेमा उनके लिए सिर्फ पेशा नहीं, एक जिम्मेदारी थी। किशोर साहू भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी फिल्मों, उनके किरदारों और उनका रचा साहित्य के जरिए वे हमेशा जीवित रहेंगे यही उनकी सच्ची विरासत है।




अपने परिवार के साथ किशोर साहू जी

### फिल्मों के अलावा पेंटिंग में भी महारथ







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com